वर्ष: 3 । अंक: 230

जयपुर, सोमवार, 29 जुलाई, 2024 । श्रावण, कृष्ण पक्ष-नवमी , विसं 2081

पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



**पेरिस ओलंपिक: भारत की पदक सूची में पहली एंट्री**

# शूटिंग में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी मनु

## जीता देश के लिए तांबा

**बेधड़क** | पेरिस

मनु भाकर ने रविवार को पेरिस 2024 ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। वह ओलंपिक में शूटिंग में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। कुल मिलाकर, निशानेबाजी में यह भारत का पांचवां ओलंपिक पदक रहा।

भारत ने एथेंस 2004 से लंदन 2012 तक लगातार तीन ओलंपिक में शूटिंग पदक जीते, लेकिन अगले दो ओलंपिक में शूटिंग में कोई पदक नहीं मिला था। 22 वर्षीय मनु भाकर ने आठ महिलाओं के फाइनल में 221.7 का स्कोर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया।

रिपब्लिक ऑफ कोरिया की ओह ये जिन ने 243.2 के नए ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता और उसके बाद उनकी हमवतन येजी किम ने भाकर को पछाड़कर स्वर्ण पदक राउंड में प्रवेश किया और 241.3 के अंतिम स्कोर के साथ रजत पदक जीता।

### मैंने अंतिम क्षण तक हार नहीं मानी

भाकर ने पदक जीतने के बाद कहा, "मैंने अपना पूरा प्रयास अंतिम क्षण तक उस क्षण में बने रहने में लगाया, बस हार नहीं मानी और लगातार प्रयास करती रही।" जब महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल के दौरान उनकी भावनाओं के बारे में पूछा गया, तो भाकर ने कहा, "पूरा फाइनल तनावपूर्ण था, और मुझे पता था कि मुझे खुद को संभालना होगा और ऐसा कुछ नहीं करना होगा जो मैं सामान्य रूप से नहीं करती। बस अपनी रफ्तार के साथ चलते रहो, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करो और सब कुछ वहीं छोड़ दो।"

### फाइनल में रही जोरदार शुरुआत

मनु को उम्मीद है कि यह ओलंपिक सफलता की शुरुआत है। मनु भाकर ने फाइनल में जोरदार शुरुआत की और पहली सीरीज में 50.4 का स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रहीं। दूसरी सीरीज में वह कुछ 9.6 शॉट के साथ ओह ये जिन और येजी किम के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गईं।

### गवर्नर और सीएम ने दी बधाई

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। शर्मा ने कहा कि भाकर का शानदार प्रदर्शन के जरिए कांस्य पदक जीतना पूरे देश के लिए ऐतिहासिक पल है। साथ ही, निशानेबाजी में ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला का गौरव हासिल करना भी उनकी सफलता को विशिष्ट बनाता है। इससे देश की नारी शक्ति को खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने की प्रेरणा मिलेगी। राज्यपाल मिश्र ने भी मनु भाकर की उपलब्धि को महिलाओं के लिए ही नहीं सम्पूर्ण देश के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।

### एक बार तो किम को पीछे भी छोड़ा

भारतीय निशानेबाज ने तीसरी सीरीज के अंत में और एक बार फिर फाइनल के अंतिम स्टेज में येजी किम को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया, लेकिन दक्षिण कोरियाई निशानेबाज ने भाकर को 0.1 अंक से पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक राउंड में प्रवेश कर लिया।

## जरूरी खबर

### डूंगरपुर में मिला चांदीपुरा वायरस रोगी



**जयपुर।** प्रदेश के डूंगरपुर जिले के बदीया उप स्वास्थ्य केन्द्र के ब्लॉक बीछीवाडा का 3 वर्षीय बालक चांदीपुरा वायरस पॉजिटिव पाया गया। एन.आई.वी पुणे से प्राप्त सूचना के अनुसार यह रोगी 12 जुलाई से राजकीय मेडिकल कॉलेज, डूंगरपुर में भर्ती था और लक्षणों के आधार पर इसका सैंपल एन.आई.वी., पुणे भेजा गया था। बता दें, गुजरात में चांदीपुरा वायरस रोग का प्रकोप वर्तमान में जारी है, जिसमेंअनेक बच्चों की मृत्यु भी हुई है। गुजरात के स्वास्थ्य अधिकारियों से 11 जुलाई को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक बच्चा गुजरात के हिम्मतनगर में भर्ती है, जबकि एक की पूर्व में मृत्यु हुई है।

### भारत ने लगातार दूसरे मैच में श्रीलंका को हराया



**पल्लेकेले।** वर्षा प्रभावित दूसरे टी-20 इंटरनेशनल में भारत ने श्रीलंका को सात विकेट से हराते हुए तीन मैच की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। अब 30 जुलाई को होने वााले तीसरे मैच में श्रीलंकाई टीम अपनी इज्जत बचाने उतरेगी। भारत ने 27 जुलाई को हुए पहले मैच में 43 रन से मैदान मारा था। रविवार को भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका को नौ विकेट पर 161 रन पर रोक दिया। बाद में बारिश के चलते मैच रोकना पड़ा। भारत को 45 गेंदों पर 72 रन का संशोधित लक्ष्य मिला, जिसे हासिल करने में भारत को ज्यादा मुश्किल नहीं हुई।

**बीकानेर में संत श्री दुलाराम कुलरिया PHC का लोकार्पण**

# बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता

**सीएम भजनलाल बोले सामाजिक सरोकार के कार्यों में सहभागिता जरूरी**

- सेवा ही परम धर्म, नर सेवा ही नारायण सेवा

**बेधड़क** | बीकानेर/जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार जन-जन तक मूलभूत चिकित्सा सेवाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आमजन को घर के समीप ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो सकें, इसके लिए स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है।

शर्मा रविवार को बीकानेर के मूलवास-सिलवा में संत दुलाराम कुलरिया राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (PHC) के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकार के तहत कुलरिया परिवार की ओर से निर्मित करवाया गया यह केंद्र इस क्षेत्र के आमजन के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। संत श्री दुलाराम ने गो सेवा एवं समाज सेवा को अपने जीवन का मंत्र बनाकर करुणा और परोपकार की भावना को जगाया। उनकी स्मृति में यह पीएचसी उनके आदर्शों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि और उनके कार्यों का सार्थक सम्मान है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र को सीएचसी बनाने में सरकार भी पूर्ण सहभागिता निभाएगी।

**बजट में प्रदेश के सभी क्षेत्रों में विकास और वर्गों पर दिया गया है पूरा ध्यान**

**राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं बड़े बदलाव की ओर**



### आमजन को मिल रही सस्ती एवं स्वास्थ्य सेवा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को सस्ती एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं सुगमता से उपलब्ध हों और कोई भी गरीब पैसे के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रहे। देश में स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण भी हो रहा है। गांव-ढाणी तक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले एक दशक में चिकित्सा क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सभी ने देश में परिवर्तन देखा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, विधायक जेठानंद व्यास, ताराचंद सारस्वत, डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, सुशीला डूडी, क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, साधु-संतों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, संत श्री दुलाराम कुलरिया के परिजन एवं बड़ी संख्या आमजन मौजूद रहे।

### परिवर्तित बजट के माध्यम से विकास कार्यों की हुई शुरुआत

मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प पत्र के वादों को पूरा किया जा रहा है। प्रदेश के 8 करोड़ आमजन के लिए परिवर्तित बजट 2024-25 के माध्यम से सम्पूर्ण प्रदेश में समान विकास के लिए विकास कार्यों की घोषणाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि 10 जुलाई को बजट पेश होने के बाद उसे धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए तुरंत प्रभाव से जिलों के प्रभारी मंत्रियों और सचिवों ने कार्य प्रारंभ कर दिया और विकास कार्यों की शुरूआत हो चुकी है।

### सामाजिक सरोकारों के कार्यों में सभी निभाएं सहभागिता

शर्मा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय संकल्प के माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाएं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए संचालित हो रही हैं। समाज के प्रति हमारे कुछ नागरिक कर्तव्य होते हैं। इसलिए जरूरतमंद को इन योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद अवश्य करें। सीएम ने विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने के लिए आमजन से सामाजिक सरोकारों के कार्यों में जन सहभागिता अधिक बढ़ाने की अपील की। मुख्यमंत्री ने पीएचसी के लोकार्पण के पश्चात निशुल्क दवा केन्द्र एवं वार्डों का अवलोकन किया।

**मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी**

# श्यालावास जेल के अधीक्षक सहित तीन को किया निलंबित

- तीन एफआईआर दर्ज, डीजीपी के सुपरविजन में जांच
- एक आरोपी कैदी को पुलिस ने कर लिया डिटेन




**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को छह माह में दूसरी बार जान से मारने की धमकी मिली है। इस मामले में श्यालावास जेल के कार्यवाहक अधीक्षक कैलाश प्रसाद, जेलर बिहारी और मुख्य प्रहरी अवधेश को निलंबित कर दिया गया है। बता दें, शनिवार देर रात जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम में श्यालावास जेल से आरोपी ने फोन कर सीएम को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि आरोपी ने देर रात 2 बजे जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को फोन करने वाले ने कहा कि वह सीएम को मार देगा।

इस पर पुलिस ने फोन नंबर के आधार पर लोकेशन निकाली, जो दौसा जेल की निकली। इस पर रात को ही दौसा पुलिस और जयपुर पुलिस की टीम ने सर्च किया।

सर्च के दौरान दार्जिलिंग निवासी एक कैदी को डिटेन किया। युवक ने फोन पर धमकी देने की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस जेल में ही आरोपी से पूछताछ कर रही है। बताया यह भी जा रहा है कि पुलिस की जांच के दौरान जेल में 10 मोबाइल फोन, एक पेन ड्राइव और चार्जर मिला। दो दौसा व एक जयपुर में एफआईआर दर्ज की गई है।

### करीब 6 महीने पहले भी मिली थी धमकी

करीब 6 महीने पहले भी सीएम को धमकी मिली थी। जयपुर की सेंट्रल जेल में 5 साल से बंद पॉक्सो एक्ट के बंदी ने ही कंट्रोल रूम में फोन कर सीएम को गोली मारने की धमकी दी थी। इसके बाद कॉल काटकर मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया गया। पुलिस टीम ने तुरंत तकनीकी आधार पर जांच शुरू की और धमकी देने वाले आरोपी की पहचान कर ली थी।

**मौसम : प्रदेश में इस पूरे सप्ताह सक्रिय रहेगा मानसून**

# सीजन में अब तक राज्य में 190.7 MM औसत बारिश



**जयपुर** । प्रदेश में मानूसन काफी मेहरबान है। बीते 24 घंटे में प्रदेश में सर्वाधिक करीब 4 इंच बारिश झालावाड़ के पचपहाड़ में हुई, वहीं कोटा के कानावास में झमाझम बारिश हुई। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में मानसून पूरी तरह से सक्रिय दिख रहा है। प्रदेश के तीन संभागों में रविवार को तेज बारिश हुई। इधर, जयपुर में कुछ इलाकों में अलसुबह बूंदाबांदी हुई। तेज बारिश का दौर थम गया। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि इस सप्ताह एक बार फिर से राजधानी में तेज बारिश की संभावना बनी है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने नए लो-प्रेशर सिस्टम के बाद से प्रदेश में मानसून सक्रिय है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने इस हफ्ते प्रदेश में मानसून के सक्रिय रहने और उदयपुर, कोटा, अजमेर संभाग में कहीं-कहीं भारी से अतिभारी बारिश की संभावना जताई है, वहीं रविवार को 16 जिलों में ऑरेंज व येलो अलर्ट का असर दिखा।

**हमारे नए राज्यपाल**

# प्रदेश के नए राज्यपाल बागड़े 13 साल की उम्र में संघ से जुड़े थे

- औरंगाबाद में जन्मे बागड़े महाराष्ट्र में कई विभागों के मंत्री रहे
- हरिभाऊ किसनराव बागड़े 1985 में पहली बार बने थे विधायक
- आजीविका के लिए औरंगाबाद के फुलंबरी में अखबार भी कई साल बेचा

**बेधड़क**| जयपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हरिभाऊ किसनराव बागड़े को ने राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया है। वे कलराज मिश्र की जगह लेंगे। हरिभाऊ प्रदेश के 43वें राज्यपाल होंगे। उल्लेखनीय है कि शनिवार देर रात राष्ट्रपति ने राजस्थान, तेलंगाना और झारखंड सहित 9 राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति की थी। इसके अलावा भाजपा के दिग्गज नेता ओमप्रकाश माथुर को सिक्किम का राज्यपाल बनाया गया है। गुलाबचंद कटारिया अभी असम के राज्यपाल हैं, उन्हें अब पंजाब का राज्यपाल बनाया गया है। बता दें कि राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र का कार्यकाल पूरा हो गया था। ऐसे में उनकी जगह हरिभाऊ किसनराव को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।



### हरिभाऊ का मराठा परिवार में हुआ जन्म

हरिभाऊ का जन्म 17 अगस्त 1945 को औरंगाबाद के चित्तेपिम्पलगांव में मराठा परिवार में हुआ था। वे पहली बार 1985 में औरंगाबाद पूर्व सीट से महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुने गए थे। उन्होंने 2014 में फुलंबरी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के कल्याण काले के खिलाफ विधायक चुनाव जीता और उसी निर्वाचन क्षेत्र से 2019 का विधानसभा चुनाव भी जीता। जब भाजपा ने 2014 में महाराष्ट्र में अपनी पहली सरकार बनाई तो उन्हें महाराष्ट्र विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वे महाराष्ट्र सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री भी रहे हैं। वे महाराष्ट्र सरकार में रोजगार और खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री भी रह चुके हैं।

### अखबार बेचते-बेचते बनाया जनसंपर्क

हरिभाऊ को नाना नाम से भी जाना जाता है। वे 13 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बने। वे गरीब परिवार से हैं। आजीविका चलाने के लिए कई साल तक औरंगाबाद के फुलंबरी में अखबार भी बेचा। अखबार बेचते-बेचते उन्होंने लोगों से जनसंपर्क बनाया। उनकी लोकप्रियता को देख भाजपा ने उन्हें 1985 में पहली बार विधानसभा का टिकट दिया और वह पहली बार विधायक बने। उन्होंने आपातकाल के दौरान भूमिगत नेताओं की भी मदद की थी और इस दौरान वे उन तक अहम सूचनाएं और जानकारियां पहुंचाते थे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## जरूरी खबर

### ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान का आगाज



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में अभियान का आगाज किया गया। सिविल लाइंस विधानसभा के विधायक गोपाल शर्मा के साथ भाजपा कार्यकर्ता आलोक पारीक ने क्षेत्र में एक लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। उन्होंने बताया कि सिविल लाइंस क्षेत्र के सभी स्कूल, कॉलेज, संस्थानों सहित आमजन को इस अभियान से जोड़कर पार्कों, ग्रीनबेल्ट व रास्तों के किनारों पर पौधे लगाए जाएंगे।

### अलग भील प्रदेश की मांग संभव नहीं: कटारा

**जयपुर।** पूर्व राज्यमंत्री सुशील कटारा ने कहा कि भील प्रदेश की मांग संभव नहीं है। इस मुद्दे को लेकर केवल आदिवासी समाज को गुमराह किया जा रहा है। आदिवासी महिलाओं को मंगलसूत्र नहीं पहनने, सिंदूर नहीं लगाने, हिंदू धर्म नहीं मानने पर विवश किया जा रहा है। ये लोग ईसाई मिशनरियों के लिए कार्य कर रहे हैं। कटारा रविवार को चौरासी विधानसभा क्षेत्र के सीमलवाड़ा, पीठ एवं झौथरी भाजपा मंडल की कार्य समिति की बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ही देश को विकसित बना सकती है। प्रदेश में भी भाजपा सरकार बेहतर कार्य कर रही है।

### सैनी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित




**जयपुर।** कोटपूतली सैनी समाज अधिकारी-कर्मचारी विकास संस्था के तत्वावधान में रविवार को सैनी प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में माध्यमिक उच्च माध्यमिक परीक्षा 2024 में 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों, राजकीय सेवा में नियुक्त कर्मचारियों,भामाशाहों एवं प्रथम प्रतिभा खोज परीक्षा 2024 मे विजेताओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। संस्था अध्यक्ष ख्यालीराम सैनी और संयोजक डॉ. केके सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक महेश सैनी रहें। विशिष्ट अतिथि प्रशासनिक अधिकारी सवाईसिंह, प्रो.बीएल सैनी, डॉ. देवेंद्र सैनी, रमेश सैनी, सुरेश सैनी, महेश सैनी, डीडी सैनी आदि मौजूद रहे।

---

## सांसद सीपी जोशी बोले- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में संकल्प पत्र के 45% वादे हुए पूरे

# कांग्रेस ने सिर्फ वादे और नारे दिए...बीजेपी ने किया काम

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व चित्तौड़गढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद सीपी जोशी ने रविवार को भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ भदेसर मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना और मंडल कार्य समिति बैठक को संबोधित किया। सांसद सीपी जोशी ने मंडल कार्य समिति बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो देश को प्रथम मानकर और अपने विचारों के आधार काम करती है। हमने दोहरी नागरिकता को लेकर संघर्ष किया, लेकिन विचार को कभी नहीं छोड़ा, क्योंकि जिन विचारों के आधार पर पार्टी का निर्माण हुआ उनको कभी त्याग नहीं सकते। हम व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के लिए नहीं, राष्ट्र हित के लिए, भाजपा के लिए और भाजपा की विचारधारा के लिए काम कर रहे हैं। हम किसी पद पर रहे या ना रहे कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिए हमेशा काम करना है। बाकी सभी पार्टियां परिवारवाद और स्वार्थ पर चलती है। सांसद जोशी ने कहा कि कांग्रेस ने जनता को सिर्फ वादे और नारे दिए भाजपा ने काम किया। प्रदेश में भाजपा की सरकार आने पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में छह माह में ही संकल्प पत्र के 45 प्रतिशत वादे पूरे हुए और ऐतिहासिक बजट आया। भाजपा की सरकार में प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजना का लाभ हर व्यक्ति को मिले इसके लिए योजना बनाकर हमें काम करना है।




### BJP दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी

सांसद जोशी ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की और संगठन सत्ता की जननी होता है। हमने जो दीया 1952 में जलाया था उसकी चमक आज देश और दुनिया में फैल रही है। भाजपा देश ही नहीं दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भाजपा ने कहा था कि सत्ता में आने के बाद सभी वादे पूरे करेंगे और एक-एक वादे पूरे कर रहे हैं। जोशी ने कहा कि जो भाजपा की विचारधारा और कमल के निशान के लिए काम करता है, हम उसके लिए लड़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की विचारधारा के चलते केंद्र और राजस्थान में भाजपा की सरकार आई है। हमे बार बार भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लेना है।

### 10 साल में देश में विकास के आयाम हुए स्थापित

सांसद ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में देश, प्रदेश और चित्तौड़गढ़ लोकसभा में विकास के आयाम स्थापित किए हैं। पिछले 10 सालों में रेलवे, हाईवे, एयरपोर्ट, सड़क, सहित हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है, हर घर नल से शुद्ध जल पहुंच रहा है, प्रधानमंत्री आवास योजना में घर मिल रहा है, पंडित दीनदयाल ग्राम ज्योति योजना में बिजली का कनेक्शन पहुंचाया, तहसील स्तर पर स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल खोले, चित्तौड़ में केंद्रीय विद्यालय का भवन बनाना हो, पासपोर्ट ऑफिस बनाना हो, डाक टिकट जारी करना हो, केंद्रीय सड़क निधि की जितनी सड़के 60 साल में नही आई जितनी पिछले दस सालों में मिली, बाईपास की घोषणा हमने बजट में करवा दी।

---

## मोदी सरकार ने देश को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट किया पेश

# OPS-संविधान पर राजनीति कर रही है कांग्रेस: खट्टर

**बेधड़क** | जयपुर

देश के ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर का कहना है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है, उसका राजस्थान को भी फायदा मिलेगा। उन्होंने कांग्रेस पर पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) और संविधान के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि राजस्थान और हरियाणा के बीच हुए यमुना जल समझौते के तहत राजस्थान को अतिरिक्त पानी मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गांव, गरीब, किसान और महिलाओं के विकास को केंद्रित करते हुए बजट पेश किया। एक ओर कांग्रेस पार्टी है जिसने देश को जाति और धर्म के नाम पर बांटने का काम किया है, चुनावों में संविधान में आरक्षण समाप्त करने की अफवाह फैलाई, वहीं दूसरी ओर भाजपा है जहां विकास करने के लिए चार जातियां बांटी गई है। इनमें गांव, गरीब, किसान और महिला को शामिल किया गया है। केंद्र के बजट में गांवों के विकास के साथ गरीब और जरूरतमंद को रोजगार, किसान की आय में बढ़ोतरी के साथ देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की रूपरेखा तैयार की गई है।

केंद्रीय बजट 2024-25 की जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को जयपुर के एक निजी होटल में खट्टर ने मीडिया चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, टूरिज्म, शहरी विकास, उद्योग और ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य की भी रूपरेखा बनाई गई है। इसमें केंद्र सरकार के साथ प्रत्येक राज्य, जिला और गांव की भी भूमिका होगी। केंद्र सरकार का यह बजट देश हित के साथ प्रदेश के हित में और आम लोगों के हित में तो है ही, इसके साथ देश को आत्मनिर्भर बनाने वाला है। बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन का भी ध्यान रखा है। देश की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में से राजस्थान की 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था अगले पांच सालों में होनी है। केंद्र ने राजस्थान में विशेष रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, ऊर्जा और पर्यटन के विकास पर फोकस किया है। प्रेसवार्ता के दौरान मंच पर राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, जयपुर सांसद मंजु शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच और भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ उपस्थित रहे।




### बजट में राजस्थान के साथ विरासत के विकास पर फोकस

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि केंद्रीय बजट राजस्थान में विकास के साथ विरासत के विकास का भी ध्यान रखा गया है। राजस्थान पर्यटन के क्षेत्र में पूरे भारत में विशेष स्थान रखता है। पर्यटन के क्षेत्र में पूरे देश की जीडीपी का 5 फीसदी राजस्थान कवर करता है। केंद्रीय बजट में उद्योग पर निवेश को ध्यान में रखते हुए 12 नए औद्योगिक पार्क डवलप करने की घोषणा की है, इनमें से 1 राजस्थान के जोधपुर-पाली मारवाड पार्क भी है। इसके डवलपमेंट से प्रदेश में रोजगार का सृजन होगा। केंद्र सरकार ने बजट में कई योजनाएं शुरू की है, जिनसे प्रत्येक परिवार को रोजगार मिल सकें। युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, शिल्पकारों, कारीगरों और गरीब लोगों को पीएम रोजगार योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना और पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जैसी कई योजनाएं चलाई जा रही है। बजट में रेलवे के लिए 9 हजार करोड़ से अधिक का ग्रांट जारी किया गया।

### बजट में किसान वर्ग का रखा विशेष ध्यान

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में किसान वर्ग का विशेष ध्यान रखते हुए कृषि में उत्पादकता और अनुकूलनीयता विषय को ध्यान में रखा गया। नई तकनीकों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास किया गया। इसमें 32 कृषि और बागवानी फसलों की नई उन्नत किस्में तैयार करना, प्राकृतिक खेती के लिए 10 हजार जैव संसाधन केंद्र स्थापित करना, दलहन और तिलहन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए कार्यनीति बनाना और कृषि क्षेत्र को डिजिटलिकरण करने की दिशा में पहल करना शामिल है। किसानों की जमीन संबंधी विवाद को समाप्त करने के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को लागू किया जाएगा। इसमें 6 करोड़ किसानों और उनकी जमीन का ब्योरा दर्ज किया जाएगा।

### पावर सेक्टर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई घोषणाएं

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट में पावर सेक्टर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई घोषणाएं की गई है। राजस्थान में ऊर्जा सेक्टर के लिए 1.50 लाख करोड़ की लागत से 32 हजार मेगावाट ऊर्जा उत्पादन का एमओयू किया गया है। इसमें से 28 हजार मेगावाट तो सौलर एनर्जी है। बजट में शहरी विकास के साथ महिलाओं के विकास और एसटी-एसटी बाहुल्य वाले गांवों के विकास के लिए भी चर्चा की गई है। राजस्थान के जनजाति बहुल वाले क्षेत्र विशेषतौर पर बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर ग्रामीण और प्रतापगढ़ के लोगों के लिए भी सरकार ने योजना बनाई है। पीएम सड़क विकास योजना के चौथे चरण की शुरुआत की जा रही है। इसमें 25 हजार गांवों की सड़कों का निर्माण किया जाएगा। सरकार ने बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा है। आमजन का इनकम टैक्स स्लेब में ध्यान रखा गया है।

***बैठक से ममता का जाना था प्री प्लान:*** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के नीति आयोग की बैठक में उनका माइक बंद करने के आरोप को खारिज करते हुए इसे उनका प्री प्लान करार दिया और कहा है कि उन्हें बोलने के लिए पूरा समय देने के बावजूद उनका बैठक से इस तरह चले जाना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि बैठक में बोलने वाले प्रत्येक वक्ता के लिए सात मिनट निर्धारित थे। इसके बाद बेल बजाई जाती हैं और उसके 15-20 सेकंड में रेड का निशान हो जाने पर बोलने वाला उसे अपने आप छोड़ देता। इसी तरह ममता बोल रही थीं तब सात मिनट होते ही घंटी बजी थी।

---

## नागौर में बोले यूडीएच मंत्री

# सभी नगर-निकायों, पंचायती राज इकाइयों का करेंगे परिसीमन: खर्रा



**बेधड़क**| जयपुर

स्वायत्त शासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि राजस्थान सरकार पूरे प्रदेश में सभी नगर निकायों और पंचायती राज इकाइयों का परिसीमन करेगी। राज्य सरकार एक राज्य-एक चुनाव की दिशा में जड़मत होकर कार्य कर रही हैं। सभी नगर निकायों और पंचायती राज इकाइयों के चुनाव दो माह में निपटाकर पूरे राज्य में समय-समय पर लगने वाली आचार संहिता से छुटकारा दिलाकर प्रदेश सरकार लगातार चार साल कार्य करेगी।

स्वायत्त शासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा रविवार को नागौर सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते कहा कि नागौर में ताऊसर रोड पर हाउसिंग बोर्ड की जमीन का मामला सुप्रीम कोर्ट में है। इसलिए अतिक्रमणकारी कहीं भी जाएं, इससे कोई मतलब नहीं है। सुप्रीम कोर्ट से बड़ा कोई कोर्ट नहीं है।

उन लोगों ने उपभोक्ता मंच के माध्यम से कुछ फैसले पहले अपने हक में करवा लिए थे, वो सारे फैसले शून्य हैं। जल्दी ही इस जमीन पर राजस्थान आवासन मंडल की योजना दोबारा से सृजित करवाकर जो कुछ भी सरकार को करना है, वो निश्चित रूप से करेगी।

किसी भी अतिक्रमी को एक इंच भी जमीन उसमें से नहीं लेने देंगे। नागौर में अवैध तरीके से पट्टे जारी करने के सवाल पर राज्यमंत्री खर्रा ने कहा कि ये मामला संज्ञान में आया है। जयपुर पहुंचने के बाद संबंधित पत्रावली तलब करके जो भी कार्रवाई होगी, वो करेंगे।

### गहलोत राज में जारी फर्जी पट्टों की होगी जांच

कुचामनसिटी। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने डीडवाना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार के शासनकाल में पट्टे बनाने में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं। प्रदेश की अलग-अलग नगर निकायों से फर्जी पट्टे बनाने की शिकायतें मिल रही हैं। डीडवाना से भी 14 पट्टे बनाकर उनकी पत्रावलियां गायब करने की शिकायत प्राप्त हुई है, इसलिए अब गलत तरीकों से जारी किए पट्टों की जांच कराई जाएगी। खर्रा ने कहा कि मैंने विधानसभा में भी यह बात कही है कि भूखंडधारी को 501 का पट्टा 50 हजार में या 5 लाख में मिला। ऐसी कई शिकायतें मिली हैं जिनमें लोगों को मजबूरन ज्यादा पैसा देने पड़े हैं। खर्रा ने कहा कि मैंने सभी जनप्रतिनिधियों से भी ऐसे मामले बताने के लिए आग्रह किया है, ताकि ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच की जा सके। उन्होंने कहा कि अब तक 260 पट्टे निरस्त किए जा चुके हैं और 25 एफआईआर भी दर्ज की गई हैं। डीडवाना नगर परिषद में फंड की कमी के सवाल पर खर्रा ने कहा कि गहलोत शासनकाल में आर्थिक अराजकता का माहौल बनाया गया। नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम और नगर विकास प्राधिकरण जैसी संस्थाओं के माध्यम से सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। स्थिति यह कर दी कि इन संस्थाओं पर करोड़ों रुपए का कर्ज भार चढ़ा दिया गया। उन्होंने कहा कि अब हम इन वित्तीय अनियमितताओं की जांच करवाएंगे। साथ ही पट्टों के मामले में ऐसी नीति बनाएंगे, जिससे आमजन को त्वरित गति से और निर्धारित शुल्क से ही पट्टे जारी किए जा सके।

---

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी बीकानेर में बोलीं...

# ‘डबल इंजन की सरकार मोदी की ‘गारंटी की गारंटी’ को करेगी पूरा’

**बेधड़क** | जयपुर/बीकानेर

केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव ने रविवार को कहा कि केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में नई दिशा और गति प्रदान करेगा। राजस्थान में पांच साल की निराशा के बाद डबल इंजन की सरकार आई है, डबल इंजन की सरकार आपके प्रदेश का विकास करेगी। ये डबल इंजन की सरकार मोदी की गारंटी की गारंटी को पूरा करेगी।

बीकानेर के व्यापारी, डॉक्टर, वकील, सी.ए, बुद्धिजीवी वर्ग के साथ बजट पर परिचर्चा में उन्होंने कहा कि महिला, युवा, किसान, गरीब सबके विकास और विश्वास का बजट है। उसके साथ चिकित्सा, खेल, इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, रेल के साथ देश के हर क्षेत्र को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है।

इसके माध्यम से देश के साथ राजस्थान और बीकानेर का भी विकास होगा और आप सभी को विश्वास दिलाते हैं मोदी की गारंटी को हम पूरा करेंगे। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार हर वर्ग हर क्षेत्र को मजबूत करने में लगी है। सेंट्रल विस्टा के माध्यम से सभी मंत्रालय सभी विभाग के छत के नीचे रहेंगे। अग्निवीर योजना युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की योजना है पर विपक्ष को हर विषय पर राजनीति करनी है इसलिए वो इसका विरोध करने के साथ युवा के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

खाद्य आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा प्रदेश में भजनलाल सरकार की अगुवाई में राजस्थान विकसित प्रदेश के रूप में विकसित होगा। जलजीवन मिशन में 15 हजार करोड़ के कार्य आगामी दिनों में किए जाएंगे। 2027 तक किसान को 6 घंटे दिन में लाइट मिलेगी और लाइट कटौती से छुटकारा मिलेगा। बीकानेर से कोटपूतली तक 295 किलोमीटर तक ग्रीन कोरिडोर सड़क बनेगी। 450 रुपए में उज्जवला गैस मिलने लगी है। किसान को गेहूं का समर्थन मूल्य सबसे पहले राजस्थान में मिला है, 650 करोड़ रुपए राजस्थान सरकार ने किसानों को खाते में डाले हैं। सरकार बनते ही तीसरे महीने पेट्रोल डीजल के दाम कम करने का काम भजनलाल सरकार ने किया है।



### बीकानेर से जल्द चलेगी वंदे भारत ट्रेन



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने रविवार को बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अक्टूबर महीने में बीकानेर से वंदे भारत ट्रेन चलेगी। इससे क्षेत्रवासियों को आरामदायक सफर की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया कि दो महीने बाद अक्टूबर महीने से बीकानेर रेलवे स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन संचालित होना शुरू हो जाएगी। हालांकि उन्होंने यह जानकारी नहीं दी कि वंदे भारत ट्रेन बीकानेर से किस स्टेशन के लिए संचालित होगी, लेकिन जानकारों का मानना है कि संभवत: यह आधुनिक ट्रेन बीकानेर से दिल्ली के बीच चलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही बीकानेर सिरेमिक हब बनेगा। सोलर हब के रूप में बीकानेर विकसित हुआ है। हर घर सोलर के माध्यम से आज तेजी से सोलर का काम हो रहा है। विश्वविख्यात देशनोक का करणी माता मंदिर, कोलायत कपिल मुनि धाम पर्यटन क्षेत्र में मजबूत होगा। गौरतलब है कि बीकानेर के लोग लंबे समय से मांग उठा रहे थे कि वंदे भारत ट्रेन बीकानेर रेलवे स्टेशन से भी चलाई जाए। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी लगातार इस बारे में प्रयास कर रहे थे।

## जरूरी खबर

### एनडब्ल्यूआर में 10 कर्मचारियों की पदोन्नति



**जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के वाणिज्य विभाग में 10 से अधिक कर्मचारियों की पदोन्नति हुई है। इसके तहत प्रिंसिपल सीओएम मदन देवड़ा और प्रिंसिपल सीसीएम नरसिंह की अनुशंसा पर दौसा निवासी रमेश छावड़ी को चीफ कॉमर्शियल इंस्पेक्टर (सीसीआई) के पद पर पदोन्नत किया गया है। वहीं, उन्हें इमरजेंसी कोटा (ईक्यू) विंग (सेल) का प्रभारी बनाया गया है। छावड़ी की पदोन्नति पर सीसीएम सुनील बेनीवाल, विवेक रावत, पीके सिंह, डिप्टी सीसीएम मुकेश सैनी, विजय सिंह ने बधाई दी। पीसीसीएम सेल के जेपी मीना, ट्रेन ऑपरेशन एक्सपर्ट एसके शर्मा, सीएमआई आरपी मीना, आरएल बौरवा, एसपी मीना, सुरेंद्र, ईक्यू सेल के मीठालाल मीना, नरसी ने कॉमर्शियल विंग में मिठाई बांटी।

### गायों पर तेजाब डाला, पूर्व CM की बहू ने किया केस

**जयपुर।** राजधानी में गोवंश को तेजाब से जलाने का मामला सामने आया है। इसके खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया की बहू ने बस्सी थाने में केस दर्ज करवाया है। दौलतपुरा में हुई इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भी भारी आक्रोश है। दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाड़िया की बहू आभा पहाड़िया ग्राम दौलतपुरा में जमीन की देखरेख के लिए पहुंची थी। यहां खेत में जली हुई गायों को देख बस्सी थाना व नगर निगम को सूचना दी। इसके बाद एनजीओ की मदद से गायों को हिंगोनिया गौशाल में शिफ्ट कराया गया। निगम और पुलिस को घटना की जानकारी दी। मेयर हेरिटेज जयपुर ने एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई। गांववालों से पता चला कि हनुमान मीणा व उसके साथियों ने गाय पर तेजाब फेंका है। इस पर बस्सी थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

## वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन संस्थान का स्थापना दिवस मनाया

# जमीनी स्तर पर जुड़कर वंशावली को बेहतर करें: अरुणकांत

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं अखिल भारतीय धर्म जागरण सह प्रमुख अरुणकांत ने कहा कि पुराने काल से ही वंशावली की परम्परा हमारे देश में चली आ रही है, लेकिन आज वंशावली लेखकों में दूरियां बढ़ती जा रही हैं, जिसको हम सब मिलकर कम करने का प्रयास करेंगे। वे रविवार को पाथेय कण के सभागार में आयोजित अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन संस्थान के स्थापना दिवस समारोह को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संस्थान के कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर जुड़कर वंशावली को बेहतर करने का काम करना होगा, जिससे कि सभी लोगों को अपने वंश के बारे में विस्तार से जानकारी मिल सके।

अभी इस समय पूरे देश में 4200 वंशावली लिखने वाले वंशलेखकों के नामों की वंशावली दिग्दर्शिका संस्थान के पास है, जिसमें राजस्थान से सबसे अधिक 2500 वंशलेखकों का डाटा कलेक्शन है, लेकिन अभी पूरे देश के वंशलेखकों का डाटा संस्थान के पास नहीं है, जिसको एकत्रित करने का काम तेजी से किया जा रहा है, जल्द ही सभी वंशलेखकों का डाटा संस्थान के पास उपलब्ध होगा।



*इनका किया सम्मान:* समारोह में अतिथियों ने वंशावली लेखन करने वाले सत्यनारायण जागा, नवरंग लाल जागा, महावीर सिंह, रूप सिंह राव सहित युवा वंशावली लेखकों का सम्मान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक माणक चन्द और जन कल्याण संस्थान के अध्यक्ष बाबुलाल शर्मा का विशिष्ट सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय के गांधीवादी विचारक एवं शांति अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जनक सिंह मीणा ने अतिथियों को भारत के स्वातन्त्र समर के जनजातीय नायकों की वीरगाथा नामक पुस्तक भेंट की।

### सतयुग-द्वापर से चली आ रही परंपरा

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक कालीचरण सराफ ने कहा कि वंशावली लेखन का काम सतयुग, द्वापरयुग के बाद आज कलयुग में भी हो रहा है और आज इसको डीजिटल माध्यम से जोड़ते हुए प्रभावी बनाए जाने की जरूरत है। समारोह के विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि आज का युग डीजिटल का है, जिसका उपयोग वंशावलियों को संरक्षित करने के लिए किया जाना चाहिए। अखिल भारतीय वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमेश्वर ब्रह्मभट्ट ने कहा कि वंशावली के माध्यम से हिन्दू समाज को टूटने से बचाया जा सकता है।

### दो समारोह से जोड़ेंगे कार्यकर्ताओं को

अरुणकांत ने कहा कि संस्थान अब दो समारोह के माध्यम से देशभर के वंशलेखकों को एक साथ जोड़ने का काम करने जा रहा है, जिससे वंशलेखकों का तथ्यात्मक डेटा एक जगह एकत्रित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्थान का स्थापना दिवस समारोह आगामी दिनों से जिले स्तर पर आयोजित होगा, इसके साथ ही सरस्वती पूजन कार्यक्रम बसन्त पंचमी पर किया जाएगा, इन दोनों समारोह में वंशलेखकों को जोड़ने का काम होगा।

## कावड़ लाकर भक्तों ने शिवालयों में भोलेनाथ का किया अभिषेक

# हर हर महादेव... ऊं नम: शिवाय और बोल बम ताड़क बम की गूंज

**बेधड़क** | जयपुर

छोटीकाशी में रविवार को शिवमय हो गई। शिवालय हर हर महादेव... ऊं नमः शिवाय से गूंजायमान रहें। सुबह ब्रह्म मुर्हूत में शिवालयों के पट खुलने से लेकर रात शयन तक मंदिरों में शिव भक्तों का तांता लगा रहा। हर कोई आदिदेव महादेव की साधना में लीन रहा। सावन के चलते श्रद्धा और विश्वास के साथ अपने भगवान भोलेनाथ का दूध, दही, बूरा, शहद, घी, गंगाजल, नारियल पानी, शरबत, बिल्व रस से अभिषेक कर रोली, मोली, चावल, बिल्व पत्र और धतूरे से पूजा की। बड़ी संख्या में गलता से कावड़ लाकर भक्तों ने शिवालयों में अर्पण की। शिवालयों में कैलाश मानसरोवर तथा अमरनाथ की तर्ज पर रंगीन बर्फ से आकर्षक झांकियां सजाई गई। भोलेनाथ कहीं बाबा अमरनाथ बर्फानी के रूप में नजर आएं तो कहीं शांताकारं भुजगशयन के रूप में कैलाश पर्वत पर ध्यानस्थ मुद्रा में दर्शन देते देखा गया।



### हर मंदिर में अलग रूप में दिखे भोलेनाथ

**झारखंड महादेव मंदिर:** क्वींस रोड स्थित झाडखंड महादेव मंदिर में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं ने दर्शन कर अभिषेक किया। सुबह 4: 30 बजे से भक्तों ने लाइन में लगकर भोलेनाथ का अभिषेक करने के लिए इंतजार किया। भक्तों के सहयोग के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। **ताड़केश्वर महादेव मंदिर:** चौड़ा रास्ता के ताड़केश्वर महादेव मंदिर में भी दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। भोले के भक्तों ने बाबा का तीर्थं नगरी गलता के पवित्र जल से उनका अभिषेक किया। जिसके पश्चात देर शाम को फूल बंगला झांकी सजाई गई।

**आमेर रोड काला महादेव मंदिर:** आमेर रोड स्थित गोविंद देवजी मंदिर के काला महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भोलेनाथ की आराधना की। इसी के साथ भोले के भक्तों ने दूध, दही, बूरा, शहद, घी, गंगाजल, नारियल पानी, शरबत, बिल्व रस से अभिषेक कर रोली, मोली, चावल, बिल्व पत्र और धतूरे से पूजा की।

### यहां भी अभिषेक और श्रृंगार

झोटवाड़ा रोड के चमत्कारेश्वर, बनीपार्क के जंगलेश्वर, रामगंज के ओंडा महादेव, आमेर के भूतेश्वर, कूकस के सदाशिव ज्योर्तिलिंगेश्वर सहित अनेक शिव मंदिरों में भी कावड़ चढ़ाने के बाद विशेष झांकी के दर्शन हुए। भगवान भोलेनाथ का थाईलैंड, बेंगलूरु, कोलकाता के फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। छोटीकाशी के सभी शिवालयों में भोलेनाथ के भक्त हर-हर महादेव के साथ आशुतोष भगवान का अभिषेक और पूजा-अर्चना की। बड़े शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों की संख्या अधिक रही। महाकालकी नगरी उज्जैन और काशी सहित अन्य नगरों के विद्वानों ने छोटीकाशी के पंडितों के साथ भगवान भोलेनाथ के विशेष अनुष्ठान संपन्न करवाए। शिवजी का अभिषेक के लिए रामेश्वरम्, हरिद्वार, ऋषिकेश सहित अन्य तीर्थों का जल मंगवाया गया। सिटी पैलेस स्थित राजराजेश्वर मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की।

### गन्ने के रस से अभिषेक से होती है मनोकामना पूर्ति

ज्योतिष विद्वानों के अनुसार सोमवार को भगवान भोलेनाथ का दूध गंगाजल, गन्ने का रस, घी और जल से अभिषेक करने से मनोकामना पूर्ति होती है। सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। सावन मास के सोमवार पर जलाभिषेक का विशेष महत्व बताया गया है। इससे शिव भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती हैं। इस बार श्रावण मास का प्रारंभ सोमवार को और समापन भी सोमवार को हो रहा है। पांच सोमवार श्रावण मास में होने से विशेष योगों की भी भरमार रहेगी।



### गलताजी में उमड़े श्रद्धालु

उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ गलताजी में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ें। गलता परिसर के विभिन्न प्राचीन शिवालयों में भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। यहां दिन भर यज्ञ, अनुष्ठान, सहस्त्रघट अभिषेक सहित अन्य धार्मिक आयोजन हुए। गलता जी में श्रावण मास में हजारों श्रद्धालु एकत्रित होते हैं। श्रद्धालु सड़क और घाटी मार्ग से यहां पहुंचे। अन्नक्षेत्र, प्रसादी, पेय आदि की नि:शुल्क सेवाओं की व्यवस्थाएं श्री गलता पीठ एवं विभिन्न संस्थाओं की ओर से की गई। गलताजी में इस मौके पर भक्ति संगीत का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### गोविंददेवजी की ओर से भी निकाली कावड़ यात्रा

जयपुर ठिकाना मंदिर श्री गोविंददेवजी की ओर से रविवार को कावड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा गलता तीर्थ से शुरू होकर मंदिर श्री काला महादेव, कनक घाटी जयपुर पहुंचकर संपन्न हुई। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने बताया हर साल सावन के महीने में मंदिर की ओर से कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में लगभग 250 गोविंद भक्तों ने गाजे बाजे के साथ विशाल कावड़ यात्रा निकाली। कावड़ यात्रा गलताजी से शुरू होकर कनक घाटी स्थित काला महादेव पहुंची। यहां ठाकुर श्री काला महादेव जी का सबसे पहले पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद महादेव को भोग अर्पण कर, सफेद फूलों से श्रृंगार किया गया।

## गायत्री महायज्ञ का आयोजन

# गो रक्षा-पर्यावरण की सुरक्षा के लिए दी आहुतियां



**बेधड़क**| जयपुर


गायत्री चेतना केन्द्र, मुरलीपुरा और गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को न्यू कॉलोनी मुरलीपुरा के श्री भौमियांजी महाराज मंदिर में सात कुंडीय गोरक्षार्थ-पर्यावरण संरक्षार्थ गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।

मंदिर महंत राम देव महाराज और मनु महाराज के सानिध्य में आयोजित यज्ञ में करीब 200 श्रद्धालुओं ने गो रक्षा, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए यज्ञ भगवान को आहुति दी। गायत्री शक्ति पीठ ब्रह्मपुरी के गायत्री प्रसाद और गायत्री चेतना केंद्र मुरलीपुरा के उमाशंकर खंडेलवाल ने देव पूजन के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं से गायत्री और महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां अर्पित कारवाई। व्यास पीठ से गायत्री प्रसाद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विद्याधर भाग के भाग कार्यवाह अशोक दीक्षित, हिंदू जागरण मंच के प्रताप भानु सिंह शेखावत ने जल, जंगल और जीवन बचाने के सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का आह्वान किया। अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बड़, पीपल, गुलमोहर, मीठा नीम, जामुन, शीशम , शहतूत के 100 पौधे श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में भेंट किए। हवन की पूर्णाहुति के दौरान लोगों खासकर बच्चों से यह संकल्प कराया गया कि वे मोबाइल का सीमित उपयोग करेंगे।

## 18 दमकलों ने लगाए फेरे

# अगरबत्ती फैक्ट्री में लगी आग, 3 घंटे में पाया काबू

**बेधड़क**| जयपुर



विश्वकर्मा थाना इलाके में रविवार रात को एक अगरबत्ती फैक्ट्री में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल गया। आग की सूचना पर आस-पास के सभी फायर स्टेशनों से करीब डेढ़ दर्जन दमकल मौके पर पहुंची और करीब तीन घंटे में आग पर काबू पाया। फैक्ट्री एक मंजिला भवन में चल रही थी। आग से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फैक्ट्री से उठी आग और धुआं करीब दो किमी से नजर आ रहा था। एतिहात के तौर पर आग लगने के बाद आस-पास के इलाकों की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई। पुलिस के अनुसार आग रविवार रात साढ़े सात बजे लगी। थानाधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि आग से कोई हताहत नहीं हुआ है। रविवार होने के कारण फैक्ट्री बंद थी। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। तीन मंजिला भवन में चल रही फैक्ट्री में आग से काफी नुकसान हुआ है।

## फूड सेफ्टी और हायजीन पर सेमिनार

# खान-पान में मोटे अनाज के उपयोग की आदत डालने की जरूरत

**बेधड़क** | जयपुर

होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान और फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट राजस्थान की और से फाइड सेफ्टी, हाइजीन एवं मिलेट्स (मोटा अनाज) प्रमोशन के लिए एक सेमिनार का आयोजन होटल इंडियाना प्राइड जयपुर में किया गया। राजस्थान के फूड सेफ्टी कमिश्नर इकबाल खान भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर फूड सेफ्टी विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा जी ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखते हुए सैनिटेशन एवं हाइजीनिक, रिक्वायरमेंट फूड सेफ्टी एक्ट एवं सेनिटेशन के अलावा अनेक विषयों पर अपनी बात रखी। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा खाद्य पदार्थों में मिलावट पर सजा के अनेक प्रावधान हैं। उपभोक्ताओं को किसी भी खाद्य पदार्थ में मिलावट पाए जाने पर तुरंत विभाग को सूचित किया जाना चाहिए। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष (राज्य मंत्री) ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि हमें हमारे जीवन में मोटा अनाज के उपयोग की आदत डालने की जरूरत है, जिससे अनेक टाइप की बीमारियों से हम बच सकते हैं। फेडरेशन के अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला संभाग वाइज करवाने का प्रयत्न होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान द्वारा आगामी दिनों में किया जाएगा।



### लंच में सदस्यों ने लिए मिलेट्स के व्यंजन

होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान, संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, सचिव शैलेश प्रधान, कोषाध्यक्ष संदीप गोगिया, कार्यकारी सदस्य क्षितिज शर्मा, संजय खंडेलवाल, सीताराम, निर्मल शर्मा के अलावा अनेक सदस्य उपस्थित रहे। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान द्वारा सेमिनार के अंत में सभी सदस्यों को मिलेट्स से बने व्यंजनों के साथ लंच भी आयोजित किया गया।

### मिलावटी खाना बीमारियों का जनक

फेडरेशन के संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा ने कहा शुद्ध खाना सभी की थाली तक पहुंचे, इसके साथ-साथ स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए मिलेट्स का उपयोग ज्यादा से ज्यादा जीवन में किया जाना चाहिए। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान लगातार हर स्तर पर अपने प्रयास कर रहा है। फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने कहा अनेक प्रकार की बीमारियों से बचने के लिए मिलेट्स का उपयोग हमारे जीवन में अति आवश्यक है। जीवन में बीमारियों का मुख्य कारण मिलावटी खाना एवं अशुद्ध पानी ही है। फूड सेफ्टी डिपार्मेंट के आयुक्त इकबाल खान ने कहा कि फेडरेशन के सदस्यों की समस्याओं के समाधान के लिए आगामी दिनों में कैंप लगाकर तुरंत समाधान का प्रयास किया जाएगा। सेमिनार में फूड सेफ्टी विभाग के उपायुक्त एसएन धौलपुरिया, सुशील चोटवानी, रतन गोदारा के अलावा अन्य विभाग के अधिकारियों ने भी विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। सेमिनार में कैटरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप सेवानिया, व्यापार महासंघ जयपुर के अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेश सैनी, हॉस्पिटैलिटी फेडरेशन ऑफ राजस्थान अध्यक्ष कुलदीप, बार एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ, राजस्थान के अध्यक्ष दिलीप तिवारी व अजीत बंसल के अलावा अनेक संगठनों के अध्यक्षों के अलावा होटल मैरियट, होटल हाईवे किंग, होटल जयमहल, होटल हिल्टन, होटल फेयर माउंट, होटल ताज, होटल रामबाग प्लेस, होटल फर्न के अलावा मध्यम व बजट होटलों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर अनेक संगठनों ने भी आगामी दिनों में सेमिनार करवाने का संकल्प किया।

## जरूरी खबर

### पार्क में होगा जन सुविधाओं का विस्तार: श्रीनिधि



**धौलपुर।** शहर के सार्वजनिक एकीकृत पार्क में रविवार सुबह सफाई एवं श्रमदान अभियान का आगाज हुआ। स्वच्छ धौलपुर की थीम पर आयोजित अभियान में डीएम श्रीनिधि बीटी एवं एसपी सुमित मेहरडा की अगुआई में अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने श्रमदान किया। इस दौरान सार्वजनिक पार्क में सुबह सैर को आने वाले लोगों ने डीएम एवं एसपी को सार्वजनिक पार्क में व्याप्त समस्याओं के बारे में शिकायत की तथा उनके शीघ्र समाधान किए जाने की मांग की।

### मोबाइल शोरूम में चोरी की वारदात का खुलासा

**बाड़मेर।** जिले की धोरीमना थाना पुलिस ने 5 जुलाई की रात कस्बे में स्थित एक मोबाइल शोरूम में हुई चोरी की वारदात का खुलासा कर आरोपी जुंजाराम उर्फ जगदीश जाट पुत्र गेनाराम निवासी पूरावा थाना धोरीमन्ना को गिरफ्तार किया है। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि 5 जुलाई की सुबह माणकी निवासी जसवंता राम बिश्नोई ने रिपोर्ट दी कि धोरीमना में उसके मालाणी मोबाइल नाम से इलेक्ट्रॉनिक शोरूम है। रात के समय अज्ञात चोर शोरूम के थर्ड फ्लोर का कांच तोड़कर अंदर घुसा और दो आईफोन, कुछ अन्य वस्तुएं एवं नकदी चोरी कर ले गया।

### विधायक ने किया दवा वितरण केंद्र का शुभारंभ



**चाकसू।** विधायक रामावतार बैरवा रविवार को क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने राजकीय उपजिला अस्पताल चाकसू में निशुल्क आपातकाल दवा वितरण केंद्र काउंटर नंबर 4 का उद्घाटन किया। विधायक बैरवा ने कहा कि अस्पताल में सुविधाएं बढ़ने से रोगियों को अब राहत मिलेगी। उपजिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी PMO डॉ. संजय कुमार मीना ने बताया कि मरीजों को सायंकाल में निशुल्क दवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चाकसू विधायक रामावतार बैरवा के प्रयासों से मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना के तहत यहां आपातकाल दवा काउंटर खोला गया हैं। अब मरीजों को शाम 4 से रात्रि 10 बजे तक आपातकाल दवा वितरण केंद्र से निशुल्क दवाइयां मिल सकेगी।

---

एम्स में पहली बार किसी महिला ने किए अंगदान

# 25 साल की ब्रेनडेड महिला ने 4 मरीजों को दी नई जिंदगी

■ ग्रीन कॉरिडोर बनाकर हवाई मार्ग से एक हार्ट और किडनी भेजे गए जयपुर एसएमएस

**बेधड़क | जोधपुर**

बाड़मेर जिले के सिणधरी में सड़क दुर्घटना में घायल हुई 25 वर्षीय अनीता को भले ही एम्स अस्पताल के चिकित्सक और परिजन नहीं बचा पाए हो, लेकिन उसने एक अनुकरणीय पहल करते हुए चार लोगों को जीवनदान देने का काम किया है। यह पहला मौका जब एम्स में किसी महिला के अंगदान किए गए हैं।

एम्स अस्पताल के निदेशक डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी ने बताया कि 16 जुलाई को अनीता और उसके बच्चे को सड़क दुर्घटना





होने के बाद एम्स अस्पताल लाया गया था, जहां 18 जुलाई को उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। परिजनों को इसकी जानकारी दी गई और उन्हें अंगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, लेकिन परिजनों ने कुछ दिन उपचार जारी रखने का आग्रह किया।

एम्स प्रशासन ने परिजनों के आग्रह पर अनीता का उपचार जारी रखा, लेकिन जब सभी कोशिश नाकाम हुई तो उन्होंने एक बार फिर परिजनों को इसकी जानकारी देते हुए अंगदान करने की अपील की। परिजनों ने एम्स प्रशासन के आग्रह को स्वीकार किया और उसके बाद अनीता के अंगदान करने का निर्णय लिया गया, जब जांच की गई तो हार्ट, किडनी और लिवर फंक्शन कर रहे थे, जिस पर एसएमएस अस्पताल जयपुर से संपर्क किया गया, जहां पर एक मरीज को हार्ट और एक मरीज को किडनी की आवश्यकता थी, जिसे देखते हुए रविवार को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर हवाई मार्ग से एक हार्ट और एक किडनी जयपुर एसएमएस भेजे गए हैं, वहीं एक किडनी और एक लीवर एम्स अस्पताल में ही प्रत्यारोपित किए गए।

#### सड़क हादसे में मां बेटा हो गए थे घायल

अनीता के परिजनों ने बताया कि 16 जुलाई को वह सिणधरी से बायतु अपने ससुराल से पीहर जा रही थी, इसी दौरान सड़क दुर्घटना में अनीता और उसका 5 साल का बेटा घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद एम्स अस्पताल में रेफर किया गया था. एम्स अस्पताल प्रशासन की ओर से जब उन्हें अनीता के ब्रेन डेड होने की जानकारी दी गई तो सभी से चर्चा कर अंगदान करने का निर्णय लिया है।

---

बीकानेर के जेएनवीसी थाना इलाके में पुलिस का एक्शन

# नौकरी दिलाने के नाम पर देह व्यापार...रैकेट का भंडाफोड़

**बेधड़क | बीकानेर**

जिला पुलिस ने शनिवार रात को कार्रवाई करते हुए देह व्यापार करवाने वाले रैकेट का खुलासा किया है। पुलिस ने शहर के पॉश कॉलोनी में लड़कियों और महिलाओं को बीकानेर में नौकरी दिलवाने के बहाने जबरन देह व्यापार करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ किया है।

सदर सीओ प्रशिक्षु आईपीएस रमेश के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 6 महिलाओं का रेस्क्यू किया है और 4 लोगो को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में नामजद एफआईआर दर्ज कर ली है और कुछ युवकों को भी गिरफ्तार किया है।




#### लड़की और महिलाओं का किया रेस्क्यू

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 8 लड़कियों और महिलाओं का रेस्क्यू किया है। इनमें 6 युवती भारतीय है तो वहीं 2 थाईलैंड की है। इनको बीकानेर में नौकरी दिलवाने के बहाने होटल के कमरे में बंद रखा जाता था और इनसे जबरन देह वैश्यावृत्ति का काम करवाया जा रहा था। मामले में पुलिस ने होटल संचालक शंकर गहलोत सहित 4 लोगों को धारा 151 में गिरफ्तार किया है, जबकि सीकर निवासी बाबूलाल सैनी, आरिफ, जाकिर सहित अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है और नामजद किया है।

#### रेस्क्यू की गई युवतियों को भेजा नारी निकेतन

पुलिस ने होटल से रेस्क्यू की गई महिला व युवतियों को नारी निकेतन भेजा है। जहां पुलिस उनसे पूछताछ करेगी। फिलहाल पुलिस रेस्क्यू की गई युवती व महिलाओं के परिजनों को जानकारी दी गई है। बताया जा रहा है कि शहर की होटल में काफी समय से महिलाओं व युवतियों से जबरन वैश्यावृत्ति कराई जा रही थी। इनको बीकानेर में नौकरी दिलवाने के नाम पर कमरे में बंद रखा जाता था। पुलिस ने होटल संचालक सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है इसके अलावा कई अन्य युवकों को भी गिरफ्तार किया है।

#### होटल में चल रहा था देह व्यापार का खेल

बीकानेर शहर के जेएनवीसी थाना इलाके में एक होटल में देह व्यापार का खेल चल रहा था। मामले में आईपीएस रमेश ने जानकारी देते हुए बताया कि एक होटल में देह व्यापार की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने होटल में रेड मारी। जहां होटल में एक महिला ने पुलिस को परिवाद देते हुए बताया कि उसे व उसके साथ कुछ अन्य युवती व महिलाओं को बीकानेर में नौकरी दिलवाने के नाम पर होटल के कमरों में बंद करके रखा जाता है। इनसे जबरन देह व्यापार का काम करवाया जा रहा था। जब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरा खुलवाया तो अंदर बंद लड़कियों और महिलाओं का रेस्क्यू किया।




---

60 हजार के अर्थदंड से भी किया दंडित

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**बेधड़क | झुंझुनूं**

झुंझुनूं पॉक्सो कोर्ट ने शनिवार को करीब पांच साल पुराने एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई है। पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि 7 सितंबर 2019 को बगड़ थाने में मामला दर्ज कराया था कि 16 साल की बच्ची छह सितंबर की शाम को इस्लामपुर गांव में सब्जी लाने गई थी। इसी दौरान उसे इस्लामपुर निवासी वसीम अकरम मिला।

जो उसे बहला फुसलाकर झुंझुनूं ले गया, जहां उसे एक रसमलाई खिलाई। इस रसमलाई के खाने के बाद बच्ची नशे में हो गई। उसे वसीम अकरम अपने साथ इस्लामपुर की तरफ ले गया। स्वामियों की ढाणी के पास एक खेत में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता को शाम से ही उसके परिजन ढूंढ रहे थे। जो रात



को इस्लामपुर गांव की एक स्कूल के पास नशे की हालत में मिली। उसने परिजनों को आप बीती बताई। इस मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं चालान पेश किया। पांच साल चले केस के ट्रायल के दौरान 17 गवाह व महत्वपूर्ण साक्ष्य कोर्ट के समक्ष विशिष्ट लोक अभियोजक द्वारा प्रस्तुत किए। दोनों पक्षों की बहस और तर्कों को सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी वसीम अकरम को मामले में दोषी मानते हुए उसे 20 साल की सजा और 60 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। साथ ही पीड़ित प्रतिकर स्कीम की राशि भी पीड़िता को देने के निर्देश दिए।

---

भीमगंज मंडी पुलिस ने किया खुलासा

## घरेलू विवाद में किया पिता का मर्डर, हत्यारा बेटा अरेस्ट

**जयपुर/कोटा।** कोटा शहर के भीमगंज मंडी थाना इलाके में पुरानी रेलवे फाटक के सामने नेहरू नगर निवासी छोटू लाल वाल्मीकि की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर आरोपी बेटे सावन कुमार (28) निवासी वाल्मीकि बस्ती थाना सांगोद हाल नेहरू नगर को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 22 जुलाई को एक महिला विमला बाई द्वारा अपने पति छोटू लाल की अकस्मात मौत के संबंध में थाना भीमगंज मंडी में मर्ग दर्ज करवाई गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाया तो छोटू लाल की मौत संदिग्ध पाए जाने पर गोपनीय तौर पर साक्ष्य संकलन किए गए। इसी दौरान 26 जुलाई को मृतक छोटू लाल के बेटे राहुल ने रिपोर्ट दी कि नेहरू नगर में वह अपने माता-पिता, पत्नी और बड़े भाई सावन के साथ किराए पर रहता है। मेरी पत्नी 22 जुलाई को शिव मंदिर दर्शन करने गई थी, मैं अपनी



मां विमला बाई को अस्पताल ले गया था। पीछे भाई सावन और पिता के बीच लड़ाई झगड़ा होने पर मारपीट में सिर, छाती व कान के पास चोट लगने से उनकी मौत हो गई। भावुकता के कारण उसकी मां ने सावन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी व सीओ गंगासहाय शर्मा के सुपरविजन एवं एसएचओ राजकुमार के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा कड़ी मेहनत व आसूचना के आधार पर अभियुक्त सावन कुमार का लगातार पीछा करते हुए राउंडअप कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी रेलवे पार्सल ऑफिस में काम करता है।

---

तीन युवकों के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

## बुआ के लड़के ने दोस्तों के साथ मिलकर किया बहन का गैंग रेप

**बेधड़क | अलवर**

जिले के रामगढ़ थाने में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपनी बुआ के बेटे सहित 3 युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

रामगढ़ थाना अधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। नाबालिग का मेडिकल कराया गया है। साथ ही टीम गठित कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार



शनिवार रात 8 बजे पीड़िता के परिजन रामगढ़ थाना पहुंचे और बताया कि उसकी नाबालिग बेटी मई महीने में अपनी बुआ के घर गई थी। यहां बुआ के बेटे ने उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना ली। इसके बाद इसको दिखाकर ब्लैकमेल कर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही किसी को बताने पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता अपने गांव आ गई और डर के कारण किसी को कुछ नहीं बताया। रिपोर्ट के अनुसार इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को जुलाई में फोन पर उसके गांव आने की धमकी दी। इसके बाद उसके गांव आ गया और उसकी फोटो और वीडियो दिखाकर जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर जंगल में ले गया। यहां उसके साथ अन्य 2 दोस्तों ने भी पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

ट्रेलर चालक की लापरवाही से हादसा

## टेंपो पलटने से 3 की मौत

**बेधड़क | चूरू**

जिले के रतनगढ़ में ट्रेलर चालक की लापरवाही से हुए हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना को लेकर सलात धारसी भाई ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

बताया जा रहा है कि सलात रतनगढ़ में नूवां रोड पर दो माह से परिवार सहित अस्थाई डेरा लगाकर रह रहा था। वह शनिवार की शाम अपने टेंपो में बेटी पायल, सैणी व बेटे जालिम, पत्नी मीता बेन, कंचन और काजल बेन को लेकर सुजानगढ़ रोड पर पानी भरने के लिए जा रहा था। इसी दौरान संगम चौराहे के पास एक ट्रेलर चालक लापरवाही से ट्रेलर को घुमाने लगा, टक्कर से बचने के लिए सलात ने टेंपो को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह पलटी खा गया। इससे उसमें सवार पायल, सैणी एवं काजल बेन की ट्रेलर के टायरों के बीच आने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं टेंपो में सवार जालिम, मीता बेन और कंचन घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर रविवार को लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

---

झालावाड़ से जोधपुर होनी थी सप्लाई, 200 ग्राम जब्त की

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने स्लीपर बस से पकड़ी 40 लाख की MD ड्रग

**बेधड़क | जयपुर**

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर ब्यावर जिले की बर थाना पुलिस ने झाला चौकी के पास नाकाबंदी में रविवार सुबह एक स्लीपर कोच बस में सवार तस्कर भंवरलाल बिश्नोई पुत्र खमुराम (40) निवासी कंवर जी की खेजड़ी थाना ओसियां जिला जोधपुर को गिरफ्तार कर 200 ग्राम एमडीएमए ड्रग सहित एक आईफोन जब्त किया है।

जब्त की गई ड्रग की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 40 लाख रुपए है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं पुलिस निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में इनामी, वांछित अपराधियों, गैंगस्टर इत्यादि के बारे में आसूचना के संकलन के लिए हेड कांस्टेबल महेश कुमार, नरेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, महावीर शेखावत व कांस्टेबल नरेश कुमार व सुरेश कुमार की एक टीम पूर्वी राजस्थान की और रवाना की गई है। इसी दौरान टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल महेश कुमार एवं महावीर सिंह शेखावत को सूचना मिली कि एक व्यक्ति झालावाड़ से एमडी ड्रग तस्करी कर प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ होते हुए जोधपुर में सप्लाई करने ले जाता है। इस सूचना को टीम द्वारा तकनीकी संसाधनों द्वारा विकसित



कर शनिवार रात बस का पीछा किया गया, लेकिन टीम और बस में काफी दूरी होने और माल खुर्द होने की आशंका पर ब्यावर जिले की बर थाना पुलिस को सूचना दी गई कि जोधपुर नंबर की एक स्लीपर बस ब्यावर से झाला चौकी की तरफ आ रही है, जिसकी सीट नंबर 7 पर बैठे व्यक्ति के पास काफी मात्रा में ड्रग है।

इस सूचना पर रविवार सुबह बर थाना पुलिस की टीम ने झाला चौकी पर नाकाबंदी कर बताए गए नंबर की स्लीपर बस को रुकवाया और सीट पर बैठे हुए आरोपी भंवरलाल बिश्नोई की तलाशी ली गई तो उसकी जेब में रखी प्लास्टिक की थैली से 200 ग्राम एमडीएम ड्रग जप्त की गई। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने झालावाड़ के डग थाना क्षेत्र में शेखपुर निवासी श्याम सिंह राजपूत से उक्त एमडीएमए ड्रग खरीद कर बेचने के लिए जोधपुर ले जाना बताया है। मामले का अग्रिम अनुसंधान थाना सेंदड़ा पुलिस द्वारा किया जा रहा है।

---

प्रतापगढ़ जिले में थाना रठांजना पुलिस की कार्रवाई

## 70 लाख का डोडा चूरा किया जब्त

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले की रठांजना थाना पुलिस ने बीती रात गश्त के दौरान रोड के साइड में लावारिस हालत में खड़ी एक पिकअप से 463 किलो 25 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया है। इसकी बाजार में कीमत करीब 69 लाख 45 हजार 375 रुपए है। अवैध मादक पदार्थ एवं पिकअप जप्त कर पुलिस अज्ञात चालक की तलाश कर रही है। एसपी लक्ष्मण दास ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की धर पकड़ अभियान के क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनवारी लाल मीणा व सीओ हेरंब जोशी के सुपरविजन में एसएचओ रठांजना दीपक कुमार मय टीम बीती रात रात्रि गश्त पर थे। इसी दौरान छोटा मजेसरिया से करीब 1 किमी पहले रास्ते की साइड में एक सफेद पिकअप खड़ी दिखाई




दी। पिकअप के अंदर कोई व्यक्ति नजर नहीं आने पर संदिग्ध होने से तलाशी ली गई तो 21 प्लास्टिक की कट्टों में 463 किलो 25 ग्राम डोडा चुरा मिला। पुलिस ने मादक पदार्थ एवं पिकअप को मौके पर ही जब्त कर लिया। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## पेरिस ओलिंपिक 2024 : पुरुष कुश्ती में हरियाणा के सहरावत एकमात्र भारतीय रेसलर

# मेडल जीतकर माता-पिता को श्रद्धांजलि देना चाहते हैं अमन

**बेधड़क** | नई दिल्ली

पेरिस ओलिंपिक 2024 का आगाज 26 जुलाई से हो गया है। खेल के इस महाकुंभ में 206 देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। वहीं इसको लेकर भारतीय एथलीटों ने भी अपनी कमर कस ली है। खेलों में भारत को पहलवानों से पदक की ज्यादा उम्मीद है। ओलिंपिक में हॉकी के बाद सबसे ज्यादा 7 मेडल भारत ने कुश्ती में ही जीते हैं। वहीं, इस बार पेरिस ओलिंपिक में बजरंग पूनिया जैसे दिग्गज पहलवान कुश्ती करते हुए नहीं दिखाई देंगे। पुरुष कुश्ती में भारत के लिए हरियाणा के झज्जर जिले के गांव बिरोहड़ गांव के अमन सहरावत एकमात्र रेसलर हैं। अमन के परिजनों के साथ साथ देशवासियों को अमन से बेहद उम्मीदें हैं।

अमन सहरावत ने मई 2024 में इस्तांबुल में विश्व कुश्ती ओलिंपिक क्वालीफायर में तीन जीत हासिल की थी। इसके साथ अमन ने पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई भी कर लिया था। अमन के माता-पिता का साया बहुत पहले उनके ऊपर से उठ चुका है 2013 में उनकी माता तो वहीं 2014 में उनके पिता का स्वर्गवास हो गया था। लेकिन छोटी उम्र में इतनी बड़ी मार झेलने के बावजूद अमन का हौसला कम नहीं हुआ। अमन ने पूरी जी जान से मेहनत की ओर यह मुकाम हासिल किया। अमन के ताऊ की मानें तो अमन सहरावत ओलिंपिक में पदक जीत कर अपने माता पिता को श्रद्धांजलि देना चाहता है।

विश्व कुश्ती ओलिंपिक क्वालीफायर में अमन ने अपने शानदार प्रदर्शन से काफी इम्प्रेस किया था। अमन का जन्म साल 2003 में हरियाणा के झज्जर जिले में हुआ था। 11 साल की उम्र में ही अमन ने अपने माता-पिता को खो दिया था।

जनवरी 2024 में उन्होंने जाग्रेब ओपन कुश्ती टूर्नामेंट में पुरुषों की 57 किग्रा स्पर्धा में गोल्ड जीता था। इसके अलावा अमन ने 2023 ग्रैंड प्रिक्स जाग्रेब ओपन में भी कांस्य पदक जीता था। अमन से देशवासियों को भी बहुत उम्मीदें हैं।




### पहला खिताब 2021 में

अमन एक फ्रीस्टाइल पहलवान हैं। अमन ने अपना पहला खिताब साल 2021 में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में जीता था। गांव के सरपंच का कहना है कि अमन के ओलिंपिक खेलों में पदक जीत कर वापस गांव लौटने पर जोरदार स्वागत किया जाएगा। हम आपको बता दें कि अमन सहरावत ने साल 2022 के एशियाई खेलों में 57 किग्रा भारवर्ग में कांस्य पदक जीता था। इसके बाद अमन ने अप्रैल 2023 में कजाकिस्तान के अस्ताना में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक को अपने नाम किया था।

## Yuva स्टोरीज

### अब चीन की वू यू से होगा मुकाबला

## निकहत जरीन दमदार जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची



**बेधड़क** | नई दिल्ली

देश की स्टार महिला मुक्केबाज निकहत जरीन ने पेरिस ओलंपिक में शुरुआत धमाकेदार अंदाज में की है। निकहत पहली बार ओलंपिक में खेल रही हैं। उन्होंने राउंड ऑफ 32 मुकाबले में विपक्षी को 5-0 से धूल चटाई। वर्ल्ड चैंपियन निकहत ने 50 किग्रा कैटेगरी में जर्मनी की बॉक्सर मैक्सी क्लोएटजर को एकतरफा अंदाज में हराया। इस जीत से निकहत जरीन प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निकहत जरीन 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड और 2022 एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं। वह 2022 और 2023 में वर्ल्ड चैंपियन रह चुकी हैं। निकहत जरीन पेरिस ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के दावेदारों में शामिल हैं। निकहत के सामने गुरुवार को खेल जाने वाले प्री-क्वार्टर फाइनल में एशियाई खेलों और मौजूदा फ्लाईवेट विश्व चैंपियन चीन की वू यू की चुनौती होगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त वू यू को पहले दौर में बाई मिली है।

## सिंधू की जोरदार जीत 27 मिनट में मैच खत्म



**नई दिल्ली**। पेरिस ओलंपिक के दूसरे दिन महिला सिंगल्स बैडमिंटन में भारत ने जीत से शुरुआत की। भारतीय फैंस की नजरें बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू के मुकाबले पर जमी थी। दो लगातार ओलंपिक मेडल जीत चुकी यह भारतीय सुपर स्टार खिलाड़ी इस बार तीसरा मेडल जीतकर इतिहास रचने का इरादा रखती है। पीवी सिंधु ने अपने अभियान की शुरुआत महिला सिंगल्स के ग्रुप मुकाबले में मालदीव की फथीमथ नब्बाह अब्दुल रज्जाक के खिलाफ जीत से की है। पहला गेम सिंधु ने 21-9 से किया अपने नाम, जबकि दूसरा गेम 21-6 से जीता। महज 27 मिनट में इस मुकाबले को सिंधू ने खत्म कर दिया। भारतीय बैडमिंट स्टार पीवी सिंधु और मालदीव की फथीमथ नब्बाह अब्दुल रज्जाक के बीच मुकाबला एकतरफा माना जा रहा था और ऐसा ही हुआ।

## ITBP कॉन्स्टेबल, ट्रेड्समैन, हिंदी ट्रांसलेटर की निकली भर्ती

**जयपुर**। इंडो तिब्बती बॉर्डर पुलिस (ITBP) की ओर से कॉन्स्टेबल/ ट्रेड्समैन एवं एसआई हिंदी ट्रांसलेटर पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया रविवार से शुरू हो गई। ऑनलाइन माध्यम से आईटीबीपी की ऑफिशियल वेबसाइट recruitment.itbpolice.nic.in पर जाकर आवेदन किया जा सकेगा। फॉर्म भरने की लास्ट डेट 26 अगस्त 2024 तय की गई है। आईटीबीपी सब इंस्पेक्टर हिंदी ट्रांसलेटर पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी ने निर्धारित विषयों के साथ परा-स्नातक डिग्री प्राप्त की हो। पुरुष अभ्यर्थी की न्यूनतम लम्बाई 170 सेमी और चेस्ट 80-85 सेमी होना आवश्यक है। महिला उम्मीदवारों की न्यूनतम हाइट 157 सेमी होना आवश्यक है। फॉर्म भरने के लिए अभ्यर्थी ने पदानुसार 10th उत्तीर्ण/ 10वीं के साथ संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण किया हो। न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23/ 25 वर्ष से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

## यह उपलब्धि पाने वाली तीसरी भारतीय महिला एथलीट

# 10 मीटर एयर राइफल के फाइनल में पहुंची रमिता

**बेधड़क** | नई दिल्ली

भारत की रमिता जिंदल ने रविवार को इतिहास रच दिया। वह महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई हैं। वह इस स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय महिला एथलीट हैं। वहीं, 20 साल बाद किसी महिला एथलीट ने ऐसा किया है। 20 साल की रमिता ने रविवार को खेले गए क्वालिफिकेशन राउंड में 631.5 के स्कोर के साथ क्वालिफाई किया। वह पांचवें स्थान पर रहीं। उन्होंने छह सीरीज में 104.3, 106.0, 104.9, 105.3, 105.3, 105.7 का स्कोर बनाया। वहीं, इसी स्पर्धा में भारत की एक और एथलीट एलावेनिल वलारिवान 630.7 के स्कोर के साथ 10वें स्थान पर रहीं और फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। रमिता सोमवार दोपहर एक बजे से अपना फाइनल मैच खेलेंगी और स्वर्ण पदक के लिए जोर लगाएंगी।




### रमिता ने 631.5 का किया स्कोर

रमिता पिछले 20 साल में मनु भाकर के बाद किसी मेडल राउंड में पहुंचने वाली दूसरी महिला शूटर बन गईं। रमिता अपने कोच सुमा शिरूर (एथेंस 2004) के बाद ओलंपिक फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय महिला राइफल शूटर हैं। रमिता ने 631.5 का स्कोर किया और क्योंकि अंतिम सीरीज तक ऐसा लग रहा था कि वह कट नहीं बना पाएंगी। हालांकि, आखिरी सीरीज में जबरदस्त वापसी से वह शीर्ष-8 में पहुंचने में कामयाब रहीं और फाइनल में पहुंच गईं। एलावेनिल आधे रास्ते तक आगे चल रही थीं, लेकिन अगली यानी आखिरी तीन सीरीज में वह पिछड़ गईं और अंततः क्वालिफाइंग दौर में 10 वें स्थान पर रही।

### अंतिम सीरीज में हुई कामयाब

अंतिम सीरीज दोनों भारतीयों के लिए अंतर साबित हुई, क्योंकि दोनों ने मिश्रित टीम स्पर्धा की निराशा को पीछे छोड़ने का लक्ष्य बनाया था। रमिता इसमें कामयाब रहीं, लेकिन एलावेनिल ऐसा नहीं कर सकीं। दक्षिण कोरिया की ह्योजिन बान 634.5 के क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहीं। नॉर्वे की जेनेट हेग 633.2 के स्कोर के साथ दूसरे और स्विटजरलैंड की ऑड्रे गोगनियाट 632.6 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। चीन की यूटिंग हुआंग 632.6 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

## अर्जुन बाबुता ने जगाई देश के लिए मेडल की उम्मीद, फाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली**। भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता मेन्स 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए हैं। बाबुता ने 60 शॉट की क्वालिफिकेशन सीरीज में 630.1 का स्कोर बनाया और सातवें स्थान पर रहे। टॉप-8 खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाई है। इस इवेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार (29 जुलाई) को होगा। अर्जुन ने पहली सीरीज में 105.7, दूसरी में 104.9, तीसरी में 105.5, चौथी में 105.4, पांचवीं में 104.0 और छठी सीरीज में 104.6 अंक हासिल किए। इस इवेंट का फाइनल सोमवार को खेला जाएगा। बता दें कि मेन्स 10 मीटर एयर राइफल में संदीप सिंह भी भाग ले रहे थे, लेकिन वह 629.3 अंकों के साथ वह 12वें स्थान पर रहे। चीन के लीहाओ शेंग ने 631.7 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन राउंड में पहला स्थान प्राप्त किया। अर्जेंटीना के मार्सेलो जूलियन गुटेरेज भी इतना ही स्कोर किया।

## आज इन खेलों में मेडल जीत सकता है भारत




**एजेंसी** | पेरिस

महज 22 साल की शूट मनु भाकर ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में भारत का पहला मेडल दिला दिया। अब तीसरे दिन यानी 29 जुलाई को भी भारतीय दल से ऐसे ही चमत्कारिक प्रदर्शन की उम्मीद होगी। 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्सड इवेंट में एकबार फिर मनु भाकर मेडल की रेस में होंगी। रमिता जिंदल और अर्जुन बबुता से 10 मीटर एयर राइफल में तो मेंस आर्चर इवेंट में गोल्ड मेडल की आस होगी।

### यह रहेगा आज का भारत का शेड्यूल

#### तीरंदाजी

**पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल:** तरुणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा, **प्रवीण जाधव** - शाम 6:30 बजे

#### हॉकी

**पुरुष पूल बी मैच:** भारत बनाम अर्जेन्टीना- शाम 4:15 बजे

#### टेबल टेनिस

**महिला एकल (राउंड ऑफ 32):** श्रीजा अकुला बनाम जियान जेंग (सिंगापुर)- रात 11:30 बजे

#### बैडमिंटन

**पुरुष युगल (ग्रुप चरण):** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम मार्क लैम्सफस और मार्विन सीडेल (जर्मनी) - दोपहर 12 बजे

**महिला युगल (ग्रुप चरण):** अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो बनाम नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा (जापान) - दोपहर 12:50 बजे

**पुरुष एकल (ग्रुप चरण):** लक्ष्य सेन बनाम जूलियन कैरेगी (बेल्जियम) - शाम 5:30 बजे

#### निशानेबाजी

10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन: मनु भाकर और सरबजोत सिंह, रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा - दोपहर 12:45 बजे

**पुरुष ट्रैप क्वालीफिकेशन:** पृथ्वीराज तोंडईमान- दोपहर 1:00 बजे

**10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनल:** रमिता जिंदल - दोपहर 1:00 बजे

**10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनल:** अर्जुन बबूता - दोपहर 3:30 बजे

## भारतीय महिला तीरंदाजी टीम हुई बाहर

**नई दिल्ली**। भारत की सबसे अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी ने एक बार फिर निराश किया और उनके खराब प्रदर्शन से भारतीय महिला तीरंदाजी टीम पेरिस ओलंपिक में रविवार को क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से 0-6 से हारकर बाहर हो गई। भारतीय टीम की सबसे युवा खिलाड़ी हरियाणा की 18 वर्ष की भजन कौर ने 60 में से 56 अंक बनाए, लेकिन दीपिका और अंकिता भकत जैसे अनुभवी खिलाड़ी कमजोर कड़ी साबित हुए।दोनों का स्कोर 50 के पाद भी नहीं रहा। भारतीय टीम 51-52, 49-54, 48-53 से हार गई।

**खुश खबर** | एग्जाम में शामिल हुए थे 13.48 लाख कैंडिडेट्स

# एनटीए ने जारी किया CUET UG 2024 का रिजल्ट

**बेधड़क** | नई दिल्ली

कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेस टेस्ट यूजी (CUET UG 2024) एग्जाम देने वाले 13.48 लाख स्टूडेंट्स लंबे समय से रिजल्ट जारी होने का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) की ओर से नतीजे ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट exams.nta.ac.in/CUET-UG पर जारी कर दिए गए हैं। छात्र-छात्राएं वेबसाइट पर जाकर एप्लीकेशन नंबर, डेट ऑफ बर्थ एवं दिया गया सिक्योरिटी पिन दर्ज करके स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेस टेस्ट यूजी का आयोजन 15 मई से 29 मई तक देश भर में हाइब्रिड मोड में किया गया था। इस बार कैंडिडेट्स को परीक्षा में पिछले साल की तरह 10 विषय के बजाय 6 ऑप्शनल सब्जेक्ट चुनने का ही विकल्प मिला था। इस परीक्षा का आयोजन देश के 379 शहरों के एग्जाम सेंटर्स पर किया गया था। एग्जाम में 13.48 लाख कैंडिडेट्स शामिल हुए थे।



### 7 जुलाई को जारी हुई थी प्रोविजनल आंसर-की

NTA ने 7 जुलाई 2024 को CUET UG 2024 की प्रोविजनल आंसर की जारी की थी। इसके साथ ही एक नोटिस भी जारी किया गया था, जिसमें कहा गया था, अगर परीक्षा के आयोजन के बारे में किसी भी कैंडिडेट्स की ओर से उठाई गई कोई शिकायत सही पाई जाती है तो 15 से 19 जुलाई के बीच CUET-UG कैंडिडेट्स के लिए फिर से परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### 19 जुलाई को हुआ था रीएग्जाम

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी NTA ने CUET UG एग्जाम्स को लेकर शिकायतें दर्ज कराने वाले छात्रों का रीएग्जाम 19 जुलाई को किया था। यह एग्जाम कंप्यूटर-आधारित टेस्ट (CBT) मोड में हुआ था। रीएग्जाम में शामिल होने वाले छात्रों के लिए एडमिट कार्ड भी अलग से जारी किए गए थे।

### 46 सेंट्रल यूनिवर्सिटीज में मिलेगा एडमिशन

CUET UG में सफल उम्मीदवार दिल्ली विश्वविद्यालय, जामिया विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय सहित 46 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में यूजी कोर्स में एडमिशन लें सकेंगे। रिजल्ट जारी होने के बाद अब इन विश्वविद्यालयों में यूजी कोर्सेज में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होगी। इस बार कई स्टेट यूनिवर्सिटी भी CUET UG में शामिल हुई हैं। कैंडिडेट्स अपने स्कोरकार्ड के आधार पर अपनी पसंद के कॉलेज में एडमिशन ले पाएंगे।

# तहरीक का सुनहरा नाम रशीद जहां- 'अंगारे' वाली




ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार


## अफ़साना निगार डॉ. रशीद जहां का स्मृति दिवस

*"रशीद जहां की शुरुआती कहानियां यदि देखें, तो उनमें जरूर एक कच्चापन नजर आता है, कहीं-कहीं इन कहानियों में कोरी भावुकता और नारेबाजी दिखलाई देती है, लेकिन जैसे-जैसे जिंदगी में नए तजुर्बे हासिल होते हैं, विचारों में स्थायित्व आता है, उनकी कहानी संवरने लगती है। कथ्य और शिल्प की दृष्टि से इनमें सुधार आता है।"*

डॉ. रशीद जहां, तरक्कीपसंद तहरीक का वह उजला, चमकता और सुनहरा नाम है, जो अपनी सैंतालिस साल की छोटी सी जिंदगानी में एक साथ कई मोर्चों पर सक्रिय रहीं। उनकी कई पहचान थीं मसलन अफसाना निगार, ड्रामा निगार, जर्नलिस्ट, डॉक्टर, सियासी-समाजी कारकुन और इन सबमें भी सबसे बढ़कर, मुल्क में तरक्कीपसंद तहरीक की बुनियाद रखने और उसको परवान चढ़ाने में रशीद जहां का बेमिसाल योगदान है। वे प्रगतिशील लेखक संघ और भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की संस्थापक सदस्य थीं। इन दोनों संगठनों के विस्तार में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हिंदी और उर्दू जबान के अदीबों, संस्कृतिकर्मियों को इन संगठनों से जोड़ा। लखनऊ, इलाहाबाद, पंजाब, लाहौर जो उस जमाने में अदब के बड़े मरकज थे, इन मरकज से उन्होंने सभी अहम लेखकों को संगठन से जोड़ा। संगठन की विचारधारा से उनका तआरुफ कराया। गोया कि संगठन के हर काम में वे पेश-पेश रहती थीं। उन्होंने जैसे अपनी जिंदगी को तरक़्क़ीपसंद तहरीक के लिए ही क़ुर्बान कर दिया था।

डॉ. रशीद जहां ने तालीम के साथ-साथ महज चौदह साल की उम्र से ही मुल्क की आजादी के लिए चल रही तहरीकों में दिलचस्पी लेना शुरू कर दी थी। शुरुआत में गांधी जी के खयाल से मुतास्सिर हुईं और बाकायदा खादी भी पहनी। इन सियासी सरगर्मियों के बीच रशीद जहां की तालीम चलती रही, इसमें कहीं कोई खलल पैदा नहीं हुआ। साल 1923 में जब वे सिर्फ अठारह साल की थीं, उन्होंने अपनी पहली कहानी 'सलमा' लिखी। रशीद जहां की जिंदगी में एक नया बदलाव और मोड़ तब आया, जब उनकी मुलाक़ात सज्जाद जहीर, महमूदुज्जफर और अहमद अली से हुई। प्रगतिशील लेखक संघ के गठन के दरमियान इन लोगों के बीच जो लंबे-लंबे बहस-मुबाहिसे हुए, उसने रशीद जहां को एक नया नजरिया प्रदान किया। कहानी संग्रह 'अंगारे' का जब प्रारूप बना, तो रशीद जहां ने भी इस में अपनी एक कहानी 'दिल्ली की सैर' और एक एकांकी 'पर्दे के पीछे' शामिल करने की रजामंदी दे दी। साल 1932 में किताब जब छपकर बाजार में आई, तो हंगामा मच गया। 'अंगारे' ने हिंदोस्तानी समाज में बवाल मचा दिया। बवाल भी ऐसा-वेसा नहीं, हाजरा बेगम ने उस दौर की कैफियत कुछ यूं बयां की है,''अंगारे शाए करते समय खुद सज्जाद जहीर को अंदाजा नहीं था कि यह एक नई अदबी राह का संग-ए-मील बन जाएगा। वह खुद तो लंदन चले गए, लेकिन यहां तहलका मच गया। पढ़ने वालों की मुखालफत इस क़दर बढ़ी कि मस्जिदों में रशीद जहां-अंगारे वाली के खिलाफ वाज होने लगे, फतवे दिए जाने लगे और किताब 'अंगारे' जब्त हो गई। उस वक़्त तो वाकई 'अंगारे' ने आग सुलगा दी थी।'' जाहिर है कि 'अंगारे' का सबसे ज्यादा असर रशीद जहां पर पड़ा। उनके खिलाफ फतवे आए और उन्हें जान से मारने की धमकियां भी मिलीं। लेकिन इन फतवों और धमकियों से वे बिल्कुल भी नहीं डरीं-घबराई बल्कि इन प्रतिक्रियावादी ताक़तों के खिलाफ वे डटकर खड़ी हो गईं। एक तरफ किताब 'अंगारे' और उसके लेखकों की मुखालफत हो रही थी, किताब को संयुक्त प्रांत की हुकूमत ने जब्त कर लिया था, तो दूसरी ओर ऐसे भी लोग थे, जो इस क़दम का खुले दिल से खैर-मक्दम कर रहे थे। रशीद जहां जिधर भी जातीं, उन्हें लोग 'अंगारे' वाली लेखिका के तौर पर पुकारते और सराहते। बहरहाल, एक अकेली किताब 'अंगारे' ने उर्दू अदब की पूरी धारा बदल कर रख दी। कल तक जिन मामलों पर अफसाना निगार अपनी क़लम नहीं चलाते थे, उन मामलों पर कहानियां खुलकर लिखी जाने लगीं। 'अंगारे' में शामिल रशीद जहां की कहानी 'दिल्ली की सैर' की यदि बात करें, तो यह छोटी सी कहानी है। इस कहानी का मुख्य किरदार 'मलिका' अपने शौहर के साथ दिल्ली की सैर पर न जाने का ऐलान कर, जैसे खुली बग़ावत करता है। कहने को कहानी में यह एक छोटा सा इशारा है, लेकिन उस समय के हालात में यह छोटा इशारा, भी बड़ी बात थी। 'पर्दे के पीछे' एकांकी में रशीद जहां, पितृसत्तात्मक सोच के जानिब और भी ज्यादा हमलावर हो जाती हैं।

डॉक्टरी, रशीद जहां का पेशा था और अपने इस पेशे में वे काफी मसरूफ रहती थीं। तिस पर सियासी और प्रगतिशील लेखक संघ, इप्टा के काम अलग। लेकिन अपनी तमाम मसरूफियत के बाद भी वे कहानियां, एकांकी, लेख और नाटक लिखती रहीं। साल 1937 में उनका पहला कहानी संग्रह 'औरत' प्रकाशित हुआ। रशीद जहां की शुरुआती कहानियां यदि देखें, तो उनमें जरूर एक कच्चापन नजर आता है, कहीं-कहीं इन कहानियों में कोरी भावुकता और नारेबाजी दिखलाई देती है, लेकिन जैसे-जैसे जिंदगी में नए तजुर्बे हासिल होते हैं, विचारों में स्थायित्व आता है, उनकी कहानी संवरने लगती है। कथ्य और शिल्प की दृष्टि से इनमें सुधार आता है। बाद में उन्होंने 'चोर', 'वह', 'आसिफजहां की बहू', 'इस्तखारा', 'छिद्दा की मां', 'इफ्तारी', 'मुजरिम कौन', 'मर्द-औरत', 'सिफर', 'ग़रीबों का भगवान', 'वह जल गई' जैसी उम्दा कहानियां लिखीं। रशीद जहां के अफसानों में एक भाव स्थायी है, वह है बग़ावत। बग़ावत सड़ी-गली रूढ़ियों से, औरत-मर्द के बीच ग़ैर बराबरी से, सामंती जीवन मूल्यों से, अंग्रेज हुक़ूमत के अत्याचार और शोषण से। रशीद जहां के अफसाने हों या फिर ड्रामें इन दोनों ही के महिला किरदार काफी मुखर हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

---

गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर

# वैक्सीन करेगी संजीवनी का काम!




गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार


*"दुनिया-भर में गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। इस साल राजस्थान में 1 अप्रैल से जून तक 280 पॉजीटिव मामले सामने आए हैं। जिसे देखते हुए भजन लाल सरकार ने 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं का जीवन बचाने की पहल की है। उन्होंने एचपीवी वैक्सीन के प्रथम चरण में राजस्थान को शामिल करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है।"*

सर्विकल कैंसर (बच्चेदानी, गर्भाशय या ग्रीवा का कैंसर) के मामले प्रतिवर्ष बढ़ रहे हैं। इंडियन काउंसलिंग ऑफ मेडिकल रिसर्च के कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के मुताबिक, महिलाओं में गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर मौत का दूसरा बड़ा कारण है। जिससे देश में हर आठ मिनट में, एक महिला की मौत हो रही है। एक अध्ययन के मुताबिक, दुनिया-भर में साल 2020 में करीब 6,04,000 महिलाएं इस कैंसर से पीड़ित हुईं। जिनमें लगभग 3,42,000 की मौत हो गई। गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर एक महिला के गर्भाशय ग्रीवा (योनि से गर्भाशय का प्रवेश द्वार) में विकसित होता है। यह तब होता है, जब शरीर के इस हिस्से की कोशिकाएं, अनियंत्रित होकर बढ़ने लगती हैं। इसके लगभग सभी मामले 99 प्रतिशत उच्च जोखिम वाले मानव पेपिलोमा वायरस (एचपीवी ) के संक्रमण से जुड़े हैं। यह यौन संपर्क से प्रसारित होने वाला वायरस है। हालांकि एचपीवी के अधिकांश संक्रमण अनायास हल हो जाते हैं, कोई लक्षण पैदा नहीं करते। लेकिन लगातार संक्रमण महिलाओं में गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर का सबब बन सकते हैं। गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के लक्षण देर से सामने आते हैं, इसलिए यह गंभीर है। इस जानलेवा बीमारी से महिलाओं को बचाने के लिए पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने एक टीका विकसित किया है। यह भारतीय बाजार में करीब दो हजार रुपए प्रति खुराक की कीमत में उपलब्ध है। लेकिन सरकार इसे राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल करते हुए, सभी राज्यों के सहयोग से, देश भर में निःशुल्क उपलब्ध कराना चाहती है। इसके लिए भारत सरकार जल्दी ही एक बड़ा अभियान भी शुरू करने जा रही है।

दुनिया-भर में गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के मामले कम करने के मकसद से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी एक ग्लोबल प्लान जारी किया है। उसकी इस पहल पर, पहली बार भारत समेत दुनिया के 194 देश, इस कैंसर के खात्मे के लिए सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ का लक्ष्य 2050 तक गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के 40 प्रतिशत तक मामलों को घटाना है। साथ ही पांच लाख मौतों को कम करना है। इसके तहत 2030 तक 15 साल की उम्र वाली 90 प्रतिशत लड़कियों को वैक्सीन देने का लक्ष्य रखा गया है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक करीब 140 देशों ने एचपीवी वैक्सीन देने की शुरुआत वर्ष 2011 में ही कर दी है। इस अभियान में गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर खत्म करने के लिए पूरी तरह से इसकी वैक्सीन, स्क्रीनिंग और ट्रीटमेंट पर ध्यान दिया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में पहले इस कैंसर के मामले 50 साल की उम्र के बाद आते थे। लेकिन अब 25 से 35 साल की उम्र के युवा भी इसका शिकार हो रहे हैं।

छोटी उम्र में संबंध बनाने, एक्टिव और पैसिव स्मोकिंग, लगातार गर्भनिरोधक दवाइयों का इस्तेमाल और इम्यूनिटी कम होने से इसके होने की संभावना बढ़ जाती है। यदि किसी महिला को नियमित माहवारी के बीच रक्तस्राव हो, पानी जैसे बदबूदार पदार्थ का भारी डिस्चार्ज हो, पेट के निचले हिस्से में अचानक दर्द होने लगे, संभोग के दौरान पेल्विक में दर्द हो, असामान्य भारी रक्तस्राव हो, वजन कम हो, थकान महसूस हो और एनीमिया की समस्या हो, तो उसे तुरंत अपने चिकित्सक से मिलना चाहिए। इसके बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन कारगर है। यह वैक्सीन सर्विकल कैंसर से लेकर वुल्वर, एनल, वेजाइना और पेनाइल कैंसर से बचाव करती है। एक डोज लगाने के बाद, यह गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर फैलाने वाले एचपीवी वायरस को खत्म कर देती है। पुरुष-महिला दोनों के लिए सुरक्षित है। इसे लगवाने के बाद यह महिलाओं में गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर से होने वाले खतरे को 80 से 90 फीसदी तक कम कर सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं, 35 साल की उम्र के बाद सभी महिलाओं को गर्भाशय-ग्रीवा की स्क्रीनिंग करवानी चाहिए। चाहे पैप टेस्ट हो, विनेगर टेस्ट या फिर एचपीवी डीएनए टेस्ट। इन जांचों की मदद से समय से पहले कैंसर की संभावना की जांच हो सकती है। अगर आपकी रिपोर्ट निगेटिव आती है, तो आप पांच साल बाद जांच दुबारा करा सकती हैं।

विशेषज्ञ मानते हैं, गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए लड़कियों को 9 से 14 साल की उम्र में यह टीका लगवा लेना चाहिए। महिलाओं को जननांगों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इसके अलावा माहवारी में अच्छी क्वालिटी का सैनेटरी नैपकिन इस्तेमाल करना चाहिए। वैसे तो गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर का इलाज इस बात पर निर्भर करता है कि कैंसर किस स्टेज पर है। आमतौर पर सर्जरी द्वारा गर्भाशय निकाल दिया जाता है। अगर बीमारी एडवांस स्टेज पर होती है तो कीमोथेरेपी या रेडियोथैरेपी दी जाती है। चिकित्सक मानते हैं, इससे बचाव के लिए बाजार में वैक्सीन उपलब्ध है। लेकिन महिलाओं को इसके बारे में जानकारी नहीं है। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी अंतरिम बजट 2024 में महिलाओं की सेहत पर खासतौर पर ध्यान दिया है। उन्होंने गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए बड़ा ऐलान किया है। उनके मुताबिक, गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर को रोकने के लिए देश भर में वैक्सीनेशन अभियान चलाया जाएगा। इसमें 9 से 14 साल की लड़कियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। ताकि गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की रोकथाम की जा सके। इस अभियान की शुरुआत मिशन इंद्रधनुष के तहत की जाएगी। इस ऐलान से सरकार की मंशा तो साफ है कि वह भी इसे राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल करते हुए सभी राज्यों के सहयोग से देशभर में निःशुल्क उपलब्ध कराना चाहती है।

**राजस्थान टॉप 10 राज्यों में शुमार:** गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर में राजस्थान टॉप 10 राज्यों में पहुंच गया है। वर्ष 2020 में जहां गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर से पीड़ितों की संख्या 3721 थी, वहीं 2021 में बढ़कर 3822 तक पहुंच गई। 2022 में 3927 महिलाएं पीड़ित थीं, उनकी संख्या बढ़कर 2023 में 4034 पहुंच गई। इस साल राजस्थान में 1 अप्रैल से जून तक 280 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। ऐसे में महिलाओं में गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के लिए लगने वाली वैक्सीन के पहले फेज में राजस्थान को शामिल करने के लिए भजन लाल सरकार ने भी एचपीवी वैक्सीन के प्रथम चरण में राजस्थान को शामिल करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री का कहना है, केंद्र सरकार ने एचपीवी वैक्सीन को नियमित राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल कर लिया है। ऐसे में राजस्थान में 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं की संख्या करीब 50 लाख है। उन्हें भी टीकाकरण का लाभ मिलना चाहिए। चिकित्सा एसीएस शुभ्रा सिंह का कहना है, सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए जयपुर में चिकित्सा विभाग की ओर से सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय में प्रिवेन्टिव ऑन्कॉलोजी सेंटर बनाया गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



### एचपीवी वैक्सीन के बारे में

एचपीवी वैक्सीन, नौ तरह के एचपीवी वायरस से सुरक्षा देता है। नौ में से दो वायरस ऐसे हैं, जो इस कैंसर के अधिकतर मामलों के लिए जिम्मेदार होते हैं। यह वैक्सीन दस साल या उससे ज्यादा समय तक सुरक्षा देता है और कैंसर के मामलों में 90 फीसदी कमी ला सकता है।

---

व्यंग्य

# छगनलाल का सवाल और पत्रकार महोदय का सर...




आशीष सकलेचा
व्यंग्यकार


बात शुरू करने से पहले मैं जरा छगनलाल से आपका परिचय करवा देता हूं। छगनलाल घुमक्कड़ व फक्कड़ है, परिवार में कोई नहीं, वह अकेला ही है। इधर- उधर घूमता रहता है और अपना समय व्यतीत करता है। छगनलाल रोज सुबह लालाजी की रेस्तरां पर पोहा- कचौड़ी खाने जाता उसके लिए बीस रुपए का इंतजार कैसे भी कर ही लेता था। खैर यह सब बात छोड़ो अपन अब असली मुद्दे अर्थात छगनलाल पर आते हैं। जैसा कि लालाजी का रेस्तरां बहुत बड़ा है, बहुत लोगों का आना- जाना लगा रहता है, चाय- नाश्ता करते ही रहते हैं। चाय- नाश्ते के बहाने वहां लोग किसी न किसी बात पर चर्चा, बहस, गपशप करते ही रहते हैं। छगनलाल को उनकी चर्चा, बहस सुनने में बहुत मजा आता है। यूं कहें कि उसे परम आनंद मिलता है तो गलत नहीं होगा। हमारे देश की कई विशेषताएं हैं, उनमें से एक प्रमुख विशेषता यह है कि यहां मुफ्त के रायचंद बहुत पाए जाते हैं, जिनके घर तक में परिवार वाले उनकी राय नहीं मानते हैं पर वे सरकार को राय देने से नहीं चूकते। जैसे वे बहुत बड़े अर्थशास्त्री (भले पांचवीं फेल) हो। अब जब सब मुद्दे खत्म हो गए तो केंद्र के नए बजट आने की आहट मात्र से ही रायचंदों की राय देने का सिलसिला शुरू हो गया कि सरकार को ऐसा बजट बनाना चाहिए, वैसा बजट बनाना चाहिए। छगनलाल कम पढ़ा हुआ था, इसलिए बजट की सारी बातें उसके सर के ऊपर से गुजर रही थी पर फिर भी वह कान लगाए सुन रहा था। अगले दिन जब सरकार की ओर से लोकसभा में वित्तमंत्री द्वारा बजट पेश किया जा रहा था उसका सीधा प्रसारण टीवी पर आ रहा था तो लालाजी के रेस्तरां में सभी टकटकी लगाए देख रहे व कान खोल कर सुन रहे थे, परंतु छगनलाल के कुछ भी पल्ले नहीं पड़ रहा था। यह सोचते हुए वह घर की तरफ चल दिया कि टीवी से कुछ समझ में नहीं आ रहा है, कल अखबार में बजट के बारे में आसानी से विस्तार से पढ़ लेगा। अगले दिन छगनलाल ने सुबह नाश्ते के लिए बीस रुपए का जुगाड़ करने से पहले अखबार के लिए पांच रुपए का जुगाड़ किया। बस स्टैंड जाकर अखबार बेचने वाले से उसने अखबार खरीदा। बजट के कारण विशेष पृष्ठ होने से अखबार का वजन कुछ ज्यादा था, छगनलाल उससे बहुत प्रसन्न था। पूरे अखबार में बजट ही बजट की खबरें देख उसकी आंखें चकाचौंध हो गई। उसने बजट की सभी खबरें पढ़ी व उनको समझने का प्रयास किया, परंतु सीधे- सादे, सरल छगनलाल के लिए अर्थशास्त्री भाषा व गणितीय आंकड़ें समझ से परे हो गए। बजट की वे खबरे उसके ले लिए " काला अक्षर भैंस बराबर हो गई।" उसने पांच रुपये खर्च कर अखबार खरीदा पर समझ न आने के कारण" खोदा पहाड़ और निकली चुहिया" वाली बात हो गई। वह फिर पोहा- कचौड़ी के लिए बीस रुपए का इंतजाम कर लालाजी के रेस्तरां पर इस उम्मीद से पहुंच गया कि बजट के बारे में लोगों की चर्चा से उसे कुछ समझ में आ जाएगा। खैर वहां पहुंचने पर छगनलाल की समझ में ज्यादा कुछ नहीं आया लेकिन एक बात उसके दिमाग में बैठ गई कि नए बजट के अनुसार "सरकार काम नहीं करने वालों को पैसा देगी और काम करने वालों से पैसा लेगी।" इस बात की संतुष्टि के लिए वो एक जान पहचान के पत्रकार महोदय के पास गया। छगनलाल को देख पत्रकार साहब चौंक गए! आश्चर्य से पूछा, कहो कैसे आना हुआ छगनलाल! उसने ने कहा साहब वो जरा बजट के बारे में पूछना था। छगनलाल की यह बात सुनकर पत्रकार महोदय बड़े अचरच में पड़ गए कि यह घुमक्कड़ बजट के बारे में आखिर क्या जानना चाहता है, पूछा बताओ क्या पूछना है? छगनलाल ने याद दिलाते हुए कहा साहब आपने कुछ समय पहले मुझसे कहा था कि कुछ काम करा करो, क्या यूं ही घूमते रहते हो। पत्रकार महोदय ने कहा हां भाई कहा था तो, इसका बजट से क्या लेना- देना? छगनलाल ने कहा साहब मैंने सुना है सरकार काम नहीं करने वालों को पैसा देगी और काम करने वालों से पैसा लेगी तो फिर में काम क्यों करूं? छगनलाल की इस बात पर पत्रकार महोदय अभी तक अपना सर खुजाल रहे हैं।

---



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

सजग व सशक्त म्हारौ नयो राजस्थान!
'आत्मनिर्भर राजस्थान' के संकल्प की सिद्धि व 'अंत्योदय' के प्रण की पूर्णता के लिए मैं निरंतर हर पल - हर क्षण निःस्वार्थ भाव से प्रदेशवासियों की सेवा हेतु पूर्णतः संकल्पित हूं।

---

नॉलेज कॉर्नर: 1965 में सीमा सुरक्षा बल की स्थापना

# इस खास मकसद के लिए हुआ BSF का गठन!

सन 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद इसी दिन बीएसएफ की स्थापना हुई थी। बीएसएफ यानी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स हिंदी में इसे सीमा सुरक्षा बल कहते हैं। इसके नाम से ही जाहिर होता है कि इस फोर्स का काम देश की सीमाओं की सुरक्षा का है। आखिर बीएसएफ काम कैसे करती है और ये इंडियन आर्मी से कितनी अलग है। हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से देखें तो भारत के पास एयरफोर्स, इंडियन आर्मी और नौसेना यानी तीनों तरह की सेना है। आखिर इस फोर्स के गठन के पीछे भारत सरकार का क्या मकसद हो सकता है। एक दिसंबर को प्रतिवर्ष देश में बीएसएफ डे मनाया जाता है। विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### चार विंग में होता है बीएसएफ का काम

बीएसएफ का मुख्य काम देश की सीमाओं की सुरक्षा का है। बीएसएफ भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा, भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा, नियंत्रण रेखा (एलओसी) के साथ-साथ नक्सल विरोधी अभियानों में भी तैनात रहती है। इनके अलावा बीएसएफ को अरब सागर में सरक्रीक और बंगाल की खाड़ी में सुंदरबन डेल्टा जैसी भौगोलिक स्थितियों में भी सुरक्षा के लिए लगाया जाता है। हालांकि, इन सीमाओं की रक्षा बीएसएफ अकेले नहीं करती। इसके साथ इंडियन आर्मी के जवान भी होते हैं। बीएसएफ चार विंग में काम करती है। इसमें, एयर विंग, समुद्री विंग, आर्टिलरी रेजिमेंट और कमांडो विंग होती है। इसके अलावा इसका नियंत्रण गृह मंत्रालय के अंतर्गत होता है।



### विश्व का सबसे बड़ा रक्षक बल

सीमा सुरक्षा बल भारत का एक प्रमुख सशस्त्र पुलिस बल है व विश्व का सबसे बड़ा सीमा रक्षक बल है। यह भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करता है। इस समय बीएसएफ की 192 बटालियन है और यह 6,385.39 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा करती है जो कि पवित्र, दुर्गम रेगिस्तानों, नदी-घाटियों और हिमाच्छादित प्रदेशों तक फैली है। सुविधा की बात करें तो भारतीय सेना के जवानों को बीएसएफ के जवानों के मुकाबले ज्यादा सुविधाएं मिलती हैं। रैंक के मामले में भी दोनों एक दूसरे अलग हैं। जैसे भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट, मेजर, कर्नल, ब्रिगेडियर, मेजर जर्नल जैसे पद शामिल होते हैं, वहीं बीएसएफ में पोस्ट कांस्टेबल, हैड कांस्टेबल, एएसआई, डीएआई, आईजी जैसे पद होते हैं।

### सेना और BSF में अंतर

*ऐसे देखा जाए तो दोनों फोर्स देश की सुरक्षा के लिए ही काम करते हैं, लेकिन बीएसएफ सिर्फ पीस टाइम के दौरान ही सीमाओं की सुरक्षा करती है। जबकि भारतीय सेना का काम युद्ध के दौरान मोर्चा संभालने का होता है। बीएसएफ देश की सीमा के अंदर ऑपरेशन करती है, जबकि सेना क्रॉस बॉर्डर ऑपरेशन भी करती है।*

कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी

माइक बंद करने के आरोपों पर सियासी घमासान जारी, भाजपा ने किया पलटवार... कांग्रेस ने लगाया बजट में भेदभाव का आरोप

# CM ममता बनर्जी खुद को कांग्रेस से अलग दिखाना चाहती थीं: त्रिवेदी

एजेंसी | नई दिल्ली

नीति आयोग की बैठक में माइक बंद करने के पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावे पर सियासी घमासान जारी है। कांग्रेस ममता के समर्थन में उतर आए हैं, वहीं भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि इस समय विपक्ष में प्रतिस्पर्धा चल रही है। भाजपा के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी कहा कि ममता बनर्जी क्यों दिल्ली आईं? कांग्रेस ने निर्णय लिया था कि उसके सीएम नीति आयोग की बैठक में नहीं आएंगे। यही वजह है कि ममता कांग्रेस की पिछलग्गू नहीं बनना चाहती थीं। उन्हें बैठक में शामिल होना था और कुछ ऐसा करना था जिससे नजर आए की वो कांग्रेस





से कुछ अलग कर रही हैं। वे कांग्रेस से अधिक ध्यान खींचने में सफल हुईं। त्रिवेदी ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया कि कोई माइक बंद नहीं किया गया था। सभी मुख्यमंत्रियों को निर्धारित समय दिया गया। उन्होंने कहा कि ध्यान देने योग्य बात यह है कि वो (ममता) बाहर निकल कर क्या बोलीं? जब उनसे कहा गया कि यह बंगाल का अपमान है तो उन्होंने कहा कि यह बंगाल का नहीं बल्कि सभी क्षेत्रीय दलों का अपमान है। ममता बनर्जी उस खौफ को दिखा और बता रहीं जो कांग्रेस के उभार के बाद सभी क्षेत्रीय दलों के मन में आ गया है।

### कांग्रेस ने राज्यों से भेदभाव पर लिया आड़े हाथ

कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को विपक्ष शासित राज्यों से भेदभाव पर केंद्र को आड़े हाथों लेते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री ने नीति आयोग की बैठक में कहा कि विकसित राज्य ही विकसित भारत बनाएंगे। मगर काश, वह करदाताओं का पैसा वहीं खर्च करते, जहां उसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। जयराम रमेश ने कहा कि 2023 की विनाशकारी बाढ़ के बाद हिमाचल प्रदेश ने बार-बार बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की मगर वित्त मंत्री ने इसे खारिज किया, लेकिन वित्तमंत्री के बजट भाषण में सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण के लिए बिहार, असम, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल के लिए फंड आवंटित करने की घोषणा दोहरे मानदंड का उदाहरण है। उनका कहना है कि हिमाचल को छोड़ बाकी सभी राज्यों को इसके लिए सहायता अनुदान के रूप में देने की घोषणा की गई है। मगर हिमाचल की मदद की व्यवस्था बहुपक्षीय विकास सहायता के माध्यम से करने की बात कही गई है, जिसका अर्थ है कि राज्य पर केंद्र की ओर से कर्ज का बोझ डाला जाएगा।

### अधीर रंजन चौधरी ने ममता पर साधा निशाना

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी नेने कहा कि मुख्यमंत्री झूठ बोल रही हैं। उन्होंने कहा, नीति आयोग की बैठक के बारे में ममता बनर्जी जो कुछ कह रही हैं, मुझे लगता है कि वह झूठ बोल रही हैं। यह बहुत आश्चर्यजनक है कि किसी राज्य के मुख्यमंत्री को बोलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ममता बनर्जी जानती थीं कि वहां क्या होने वाला है। उनके पास स्क्रिप्ट थी। इस मामले पर उनके विचार उनकी पार्टी कांग्रेस से अलग थे, जिसने कहा कि ममता बनर्जी के साथ जो व्यवहार किया गया वह अस्वीकार्य है।

### पश्चिम बंगाल में अराजक स्थिति का लगाया आरोप

वहीं, चौधरी ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि पश्चिम बंगाल में अराजक स्थिति है। राज्य में कानून व्यवस्था बहाल करने के लिए उनसे हस्तक्षेप करने की मांग की थी। चौधरी ने दो पन्नों के पत्र में लिखा, मैं पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक जीवन में शिष्टाचार और कानून व्यवस्था बहाल करने के लिए आपके हस्तक्षेप की मांग करता हूं। व्यक्तिगत स्तर पर मेरे लिए राज्य में अराजक स्थिति को देखना न केवल परेशान करने वाला है, बल्कि बहुत पीड़ादायक भी है। सत्ताधारी दल का रवैया काफी क्रूर है।

---

## BJP सांसद की जीत को हाई कोर्ट में चुनौती, समन जारी

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद मुकेश दलाल को उनके निर्विरोध निर्वाचन को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर समन जारी किया है। याचिकाकर्ताओं के वकील पी.एस. चंपानेरी ने रविवार को बताया कि मामला 25 जुलाई को सुनवाई के लिए न्यायाधीश जे.सी. दोशी की अदालत के सामने आया। अदालत ने दलाल को समन जारी कर 9 अगस्त तक जवाब देने को कहा। कांग्रेस के नीलेश कुंभानी का नामांकन खारिज होने और अन्य उम्मीदवारों के दौड़ से हटने के बाद 22 अप्रैल को दलाल को विजेता घोषित किया गया था। 22 अप्रैल को नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख थी। याचिकाकर्ताओं ने कुंभानी के नामांकन को खारिज करने के सूरत कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी के फैसले की वैधता को चुनौती है।

## तमिलनाडु में BJP नेता सेल्वाकुमार की हत्या

**शिवगंगा (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले में शनिवार रात भाजपा के जिला सचिव सेल्वाकुमार को अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। ज्ञात रहे कि गत दिनों बसपा नेता आर्मस्ट्रांग की भी हत्या कर दी गई थी। शिवगंगा जिला एसपी डोंगरे प्रवीण उमेश ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। साथ ही शिवगंगा तालुका पुलिस ने हत्या की जांच शुरू कर दी है। वहीं, भाजपा नेता की मौत को लेकर राज्य इकाई अध्यक्ष के अन्नामलाई ने राज्य में कानून-व्यवस्था के ध्वस्त होने का दावा किया है। उन्होंने इसे लेकर राज्य की स्टालिन सरकार पर निशाना साधा है। इतना ही नहीं, राज्य के कुड्डालोर जिले में अन्नाद्रमुक वार्ड सचिव पद्मनाभन की भी हत्या कर दी गई। इस मामले में कुड्डालोर जिला पुलिस ने दो संदिग्धों को पूछताछ के लिए पकड़ा है। मामले में बहौर थाना के इंस्पेक्टर पी.के. साजित ने बताया कि पद्मनाभन की हत्या तब की गई जब वह बाइक से आ रहा था।

---

BJP के मुख्यमंत्रियों-उप मुख्यमंत्रियों की बैठक में मोदी ने दिया मंत्र

# सुशासन के लिए मिशन मोड में करें काम, योजनाएं करें लागू

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई भाजपा की मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में राज्यों से सुशासन के लिए मिशन मोड में काम करने को कहा गया है। इसके साथ ही केंद्र राज्य की फ्लैगशिप योजनाओं को पूरी जवाबदेही से लागू करने को कहा गया है। पीएम मोदी ने नसीहत दी है कि वे केन्द्र के साथ समन्वय बनाकर विकास योजनाओं में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए काम करें।

पीएम मोदी ने रविवार को भाजपा मुख्यालय में भाजपा शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री-उप मुख्यमंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के समापन सत्र को संबोधित किया। पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह आदि राष्ट्रीय नेताओं की उपस्थिति में सम्पन्न भाजपा की इस 'मुख्यमंत्री-परिषद' में पार्टी के सभी 13 मुख्यमंत्री और सभी 15 उप-मुख्यमंत्री शामिल हुए। भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय सहस्त्रबुद्धे ने रविवार को इस सम्मेलन के बारे में संवाददाताओं को जानकारी दी। उन्होंने बताया, पीएम मोदी ने विश्वास जताया है कि केंद्र और राज्य सरकारें अधिक मज़बूती से लोक कल्याण के समन्वित प्रयासों में लगती हैं तो विकसित भारत का लक्ष्य हम निश्चित हासिल कर पायेंगे। विरासत का विकास और विकास की विरासत का निर्माण, इन दोनों का हमारी विकसित भारत की संकल्पना में विशेष महत्व है। इस का भी ध्यान हम सभी को निरंतर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के सु-शासन के एजेंडे के तहत इस तरह की मुख्यमंत्री परिषद का आयोजन समय-समय पर होता आया है। वर्तमान वर्ष 2024 का यह दूसरा आयोजन था।




### पीएम ने दिया जनभागीदारी पर जोर

सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने से लेकर विकास कार्यक्रमों में जन-भागीदारी पर जोर दिया। साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करते हुए लोगों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के उपायों की भी विस्तार से चर्चा की। ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा की मुख्यमंत्री परिषद की य़ह पहली बैठक है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने और प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड कायम करने के लिए उनका विशेष अभिनंदन किया गया।

### नतीजों को लेकर हैरान न हों

सूत्रों के अनुसार बैठक में राज्यों से कहा गया कि सरकार की निरंतरता कायम है और वह चुनाव नतीजे को लेकर हैरान न हों। समग्र आंकड़े हमारी बढ़त के हैं और कुछ सीटों के कम होने के बावजूद हम देश भर में आगे बढ़े हैं। इसलिए हताश होने की कोई जरूरत नहीं है, बल्कि ज्यादा उत्साह से जनता के विश्वास पर खरा उतरना है। बैठक में मुख्यमंत्रियों से संगठन के साथ बेहतर तालमेल व पूरे समन्वय के साथ काम करने को कहा गया है। कार्यकर्ताओं को साथ रखना और उनका सम्मान करने की बात भी कही गई है।

### कई राज्यों ने दिए प्रस्तुतीकरण

सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि इस परिषद के प्रारंभ में कुछ भाजपा शासित राज्यों के द्वारा अपनाए गए नवाचार प्रेरित और सु-शासन केंद्रित प्रयासों के संदर्भ में कुछ चयनित प्रयासों की चर्चा करने वाले प्रस्तुतीकरण भी हुए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम सचिवालय डिजिटाइजेशन और राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर करने को लेकर अपना प्रस्तुतीकरण दिया। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वां सरमा ने रोजगार को तथा बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में अवैध खनन को रोकने पर प्रस्तुतीकरण दिया, जबकि त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने 'द्वार पर सरकार' विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया। इस चर्चा के दौरान महाराष्ट्र और हरियाणा के कुछ विशिष्ट प्रकल्पों की भी चर्चा हुई।

---

वित्त मंत्री ने सिद्धारमैया के आरोप नकारे, कहा

# 10 साल में कर्नाटक को दिए 2,95,818 करोड़ रुपए





एजेंसी | नई दिल्ली

कर्नाटक समेत कई राज्यों ने शनिवार को नई दिल्ली में हुई नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार किया था। दरअसल, कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने केंद्रीय बजट में राज्य की अनदेखा आरोप लगाया था। अब रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कर्नाटक सरकार के आरोपों का जवाब दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कर्नाटक को मिलने वाली केंद्रीय सहायता में पहले से काफी इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस बारे में बहुत सारी गलत सूचनाएं हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना भी साधा और कहा कि यह झूठ है कि केंद्र कर्नाटक का हक नहीं दे रहा है।

उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच दिल्ली में यूपीए सरकार सत्ता में थी। तब कर्नाटक को 10 वर्षों में सिर्फ 81,791 करोड़ रुपए मिले थे। 2014 से 2024 के बीच पीएम मोदी के दस वर्षों में कर्नाटक को 2,95,818 करोड़ रुपए मिले। यूपीए के तहत 60,779 करोड़ रुपए की सहायता अनुदान राशि और पीएम मोदी के 10 वर्षों में 2,39,955 करोड़ रुपए की अनुदान राशि मिली।

### झूठे प्रचार में कर्नाटक सरकार शामिल

निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर आपको कर्नाटक में बहुत सी गलत जानकारी मिलती हैं। इसमें सरकार भी शामिल है। आज की सरकार लोगों को बताती हैं कि केंद्र सरकार कर्नाटक को उसका हक नहीं देती है। यह पूरी तरह से झूठ हैं। मैं जवाब देने को तैयार हूं। मगर यह गलत प्रचार है जो कर्नाटक की मौजूदा सरकार करती रहती है, जिसके लिए मुझे खेद है।

---

प्रशांत किशोर 2 अक्टूबर को बनाएंगे नई पार्टी

# बिहार में लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

एजेंसी | पटना

चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बिहार में लंबी पदयात्रा के बाद चुनावी राजनीति में दस्तक देने का फैसला कर लिया है। उन्होंने रविवार को कहा कि वह 2 अक्टूबर को अपनी पार्टी बनाएंगे और उनकी पार्टी बिहार में 2025 में होने वाला विधानसभा चुनाव लड़ेगी।

प्रशांत किशोर ने पटना में जन सुराज की सभा में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि पार्टी का नेता कौन होगा, यह भी लोग तय करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन सुराज प्रशांत किशोर या किसी जाति या किसी परिवार या व्यक्ति का नहीं, बल्कि बिहार के लोगों का दल होगा जो इसे मिलकर बनाएंगे। उन्होंने



कहा कि करीब 1 करोड़ सदस्य गांधी जयंती के मौके पर जन सुराज की नींव रखेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी शुरू करने के समय 1.5 लाख पदाधिकारी नामित किया जाएगा। प्रशांत किशोर ने पटना के बापू सभागार में जन सुराज के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, हम आप लोगों से मिलने के लिए हम आपके गांव, आपके घर आए थे।

### पीके नहीं संभालेंगे पार्टी की कमान

इसके साथ उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि वह पार्टी का नेतृत्व नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं को निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुना जाएगा, वो ही आने वाले विधानसभा चुनाव में लोगों की ताकत को मजबूत करेंगे। पार्टी यह भी सुनिश्चित करेगी कि बिहार के जो लोग पंजाब-हरियाणा जाते हैं। उन लोगों को बिहार में रोजगार कैसे मिले। इसके साथ ही बाहर के लोग बिहार में रोजगार तलाश के लिए आएं। उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चों के लिए ऐसा सिस्टम तैयार करेंगे जिससे हर कोई आश्चर्यचकित रह जाएगा।

---

तृणमूल कांग्रेस स्पीकर ओम बिरला से कर रही है बातचीत...

# लोकसभा में बदलेगी TMC के बैठने की जगह!

एजेंसी | नई दिल्ली

टीएमसी विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है, लेकिन वह अपनी अलग पहचान बनाने की कोशिश कर रही है। वह भाजपा विरोधी पार्टी के रूप में अपनी पहचान बनाना चाहती है और इसी को लेकर वह लोकसभा में अपनी बैठने की व्यवस्था चाहती है। इसको लेकर टीएमसी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बीच अलग से बातचीत चल रही है।

लोकसभा स्पीकर ने 'इंडिया' गठबंधन को सीटिंग प्लान दिया है, लेकिन इसमें टीएमसी को शामिल नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार अलग सीटों की बात से पता चलता है कि टीएमसी



स्वतंत्र रूप से इसके लिए बातचीत कर रही है, भले ही वे एक ही पंक्ति में हों। राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि निचले सदन में बैठने की व्यवस्था गठबंधन के अनुसार की जाती है, न कि पार्टियों के अनुसार। सूत्रों ने कहा कि 'इंडिया' ब्लॉक स्पीकर से एक ग्रुप के रूप में बात कर रहा है। हालांकि, अब ऐसा प्रतीत होता है कि तृणमूल कांग्रेस कुछ अलग से योजना बना रही है।

### कई मुद्दों पर ममता का रुख 'इंडिया' से अलग

महत्वपूर्ण रूप से, तृणमूल ने पिछले सत्र में आपातकाल पर प्रस्ताव के खिलाफ कांग्रेस के विरोध का समर्थन नहीं किया था। वहीं टीएमसी ने शनिवार को नीति आयोग की बैठक में भी हिस्सा लिया था। जबकि अन्य कई विपक्षी सीएम बैठक में शामिल नहीं हुए। इसमें कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम भी शामिल हैं।

### अभी बैठने की व्यवस्था पर असमंजस

हालांकि 18वीं लोकसभा पहले ही अपने दूसरे सत्र में प्रवेश कर चुकी है, लेकिन सीट आवंटन अभी तक तय नहीं हो सका है। दिग्गजों का कहना है कि इस मुद्दे को सुलझाने में समय लगता है क्योंकि अलग-अलग पार्टियों की स्पीकर से अलग-अलग मांगें होती हैं, और अड़चन काफी हद तक आगे की पंक्ति की सीटों को लेकर होती है। सूत्रों ने कहा कि विपक्ष वर्तमान में अधिक से अधिक सहयोगियों को अपने साथ करने के लिए आगे की पंक्ति में अधिक सीटों के लिए स्पीकर पर दबाव बना रहा है। कांग्रेस को आगे की पंक्ति में और सीटें चाहिए। इसके अलावा विपक्ष में समाजवादी पार्टी और डीएमके के लिए भी प्रमुख पदों की जरूरत है। उम्मीद है कि शिवसेना (यूबीटी) को भी आगे बैठाया जा सकता है।

---

सपा की पीडीए+ब्राह्मण समीकरण की तैयारी

# अखिलेश का ब्राह्मण कार्ड... यूपी में माता प्रसाद पांडेय होंगे नेता प्रतिपक्ष

एजेंसी | लखनऊ

समाजवादी पार्टी के विधायक माता प्रसाद पांडेय उत्तर प्रदेश में नए नेता प्रतिपक्ष होंगे। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को सपा विधायकों की बैठक के बाद पांडेय के नाम की घोषणा कर सबको चौंका दिया।

उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होने वाले हैं और उससे पहले पांडेय की नई नियुक्ति को अखिलेश यादव के एक सधा हुआ रणनीतिक कदम माना जा रहा है। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष के लिए उम्मीद लगाई जा रही थी कि कोई पीडीए(पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) से नेता होगा, लेकिन अखिलेश यादव ने सबको दरकिनार करते हुए अगड़ी जाति के





ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगा दिया। सूत्रों के अनुसार नेता प्रतिपक्ष की रेस में इंद्रजीत सरोज, रामअचल राजभर और तूफानी सरोज का भी नाम चल रहा था। चूंकि यह माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणों में भाजपा के प्रति नाराजगी है। यहीं कारण रहा है कि राज्य में भाजपा का वोटर बंट गया। समझा जाता है कि अखिलेश यादव ने पीडीए के साथ ब्राह्मण मतों को पार्टी से जोड़ने के लिए ही यह कदम उठाया है। पांडेय की नियुक्ति को राजनीतिक क्षेत्रों में राज्य में जल्द ही होने वाले उपचुनाव के साथ ही 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सपा नए सियासी समीकरण गठने की तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

### तीन और विधायकों को भी सौंपी जिम्मेदारी

पांडेय के अलावा तीन और विधायकों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। अमरोहा से विधायक महबूब अली को अधिष्ठाता मंडल, हसनपुर से विधायक कमाल अख्तर को मुख्य सचेतक और प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक राकेश कुमार उर्फ डॉक्टर आरके वर्मा को उप सचेतक बनाया गया है। ज्ञात रहे कि अभी विधानसभा नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सपा प्रमुख अखिलेश यादव संभाल रहे थे, लेकिन कन्नौज लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने के बाद अखिलेश ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद ये पद खाली हो गया था। पांडेय सात बार विधायक रहे चुके हैं और वर्तमान में इटवा विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह राज्य विधानसभा के दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं।

### विधानसभा का मानसून सत्र आज से

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। इस सत्र में खासा हंगामा होने के आसार हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद पहली बार हो रहे इस सत्र में मुख्य विपक्षी दल सरकार को घेरने के लिए खासे आक्रामक तेवर दिखाने की तैयारी में हैं। सपा विधायक दल की बैठक में अखिलेश यादव ने निर्देश दिए कि लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार हो रहे विधानमंडल सत्र में पूरी तैयारी के साथ उतरा जाएं और जनहित के मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएं। सरकार भी विपक्ष के आरोपों का माकूल जवाब देने की तैयारी में है।

### यूपी में 12 से 14 फीसदी ब्राह्मणों की हिस्सेदारी

उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण वोटरों की बात करें, तो करीब 12 से 14 फीसदी इनकी हिस्सेदारी है। राज्य की 115 सीटें ऐसी हैं, जिन पर ब्राह्मण वोटरों का अच्छा प्रभाव है। राज्य के 12 जिले करीब 15 फीसदी से ज्यादा ब्राह्मण वोट वाले माने जाते हैं। इनमें बलरामपुर, बस्ती, संत कबीरनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, देवरिया, जौनपुर, अमेठी, वाराणसी, चंदौली, कानपुर, प्रयागराज प्रमुख जिले हैं। इसके अलावा पूर्वी से लेकर मध्य, बुंदेलखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की करीब 100 सीटों पर ब्राह्मण मतदाता प्रभावी माने जाते हैं। यही कारण है कि प्रदेश की सभी पार्टियों ने इस वर्ग के नेताओं को अपने करीब रखा है।

### पहली बार अगड़े को कमान

1993 में स्थापना के बाद विधानसभा में सात बार समाजवादी पार्टी के पास नेता प्रतिपक्ष का ओहदा रहा है। इसमें दो बार मुलायम सिंह यादव, एक-एक बार धनीराम वर्मा, आजम खान, शिवपाल सिंह यादव, रामगोविंद चौधरी और अखिलेश यादव के पास कमान रही, यानी चार बार सैफई परिवार ने नेता प्रतिपक्ष के पद अपने पास रखा। अगर जातीय कसौटी देखें तो सात बार में 5 बार यादव, 1 बार मुस्लिम और 1 बार कुर्मी चेहरे को सपा ने नुमाइंदगी दी थी। पार्टी के इतिहास में पहली बार किसी अगड़े को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का ओहदा दिया गया है।

## जरूरी खबर

### कुमारस्वामी की नाक से अचानक बहने लगा खून



**बेंगलुरु।** केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी रविवार को बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उनके नाक से अचानक खून बहने लगा। उसके बाद उनको तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। कुमारस्वामी रविवार को बेंगलुरु में भाजपा-जेडीएस नेताओं की एक बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। अस्पताल में डॉक्टर उनकी जांच की। जांच के कुछ देर बाद ही उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, कुमारस्वामी और राज्य में विपक्ष के नेता आर अशोक के नेतृत्व में बीजेपी-जेडीएस नेताओं की बैठक हुई।

### असित साहा बने भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के डीजी



**कोलकाता।** असित साहा को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। साहा ने कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने जनार्दन प्रसाद का स्थान लिया है। बिहार के औरंगाबाद निवासी प्रसाद करीब 15 माह तक इस पद पर रहने और जीएसआई में लंबी सेवा के बाद शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। एक बयान में बताया गया कि वरिष्ठ भूविज्ञानी साहा ने जीएसआई में देश के भू-वैज्ञानिक परिदृश्य, कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं और पहलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### अमेरिका की यूएवी के विकास में मदद की पेशकश

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच 3.1 अरब डॉलर के 31 एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन का सौदा होना है। इसके तहत अमेरिका ने स्वदेशी उन्नत मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) विकसित करने के लिए भारतीय संस्थाओं को परामर्श देने का प्रस्ताव रखा है। सोमवार को होने वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में अमेरिका के इस प्रस्ताव पर मंथन किया जाएगा। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, परियोजना के हिस्से के रूप में एक उन्नत भारतीय ड्रोन विकसित करने के लिए भारतीय संस्थाओं को परामर्श प्रदान करने का अमेरिका ने प्रस्ताव रखा है।

## लोक कल्याण पर्व




*नई दिल्ली। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा रविवार को नई दिल्ली में लोक कल्याण पर्व का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। केंद्रीय अल्पसंख्यक और मत्स्यपालन विभाग के राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन भी इस अवसर पर उपस्थित थे।*

### नेताजी के अवशेष जापान से भारत वापस लाए जाएं...



**कोलकाता।** महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने जापान में रखे नेताजी के पार्थिव अववेश को वापस लाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है। उन्होंने पीएम मोदी को लिखे एक पत्र में कहा है कि जापान के रेंकोजी मंदिर में रखे नेताजी के अवशेष को 18 अगस्त तक भारत वापस लाया जाए। ताकि नेताजी को लेकर चल रहे मिथक और झूठे अख्यान पर विराम लग सके। चंद्र कुमार बोस ने कहा कि एनडीए की सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस से संबंधित फाइलों को सार्वजनिक किया था। सभी राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर की 10 जांच के बाद यह साफ है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 18 अगस्त, 1945 को ताइवान में एक हवाई दुर्घटना में मौत हो गई थी। बोस ने कहा कि यह बहुत ही अपमानजनक है कि नेताजी के पार्थिव अवशेष रेंकोजी मंदिर में अभी तक रखे हुए हैं।

## कश्मीर घाटी भीषण गर्मी की चपेट में

# टूटा 25 सालों का रिकॉर्ड जुलाई में पारा 36.2 डिग्री

एजेंसी | श्रीनगर

उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में बारिश का दौर जारी है। वहीं,कश्मीर घाटी भीषण गर्मी की चपेट में है। वहां गर्मी ने 25 साल के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। रविवार को 25 वर्षों में जुलाई का सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को श्रीनगर शहर का तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह 9 जुलाई 1999 के बाद से जुलाई का सबसे गर्म दिन था। 1999 में पारा 37 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था।

श्रीनगर ही नहीं काजीगुंड और कुकेरनाग स्टेशनों पर भी 35.6 और 34.1 डिग्री सेल्सियस का उच्चतम तापमान दर्ज किया गया। तीनों स्टेशनों पर तापमान सामान्य से क्रमशः 6.3 डिग्री, 7.7 डिग्री और 8.7 डिग्री अधिक दर्ज हुआ है। मौसम विभाग अनुसार श्रीनगर में रविवार का तापमान वर्ष 1999 के बाद से जुलाई का सबसे अधिक तापमान था। वहीं, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में कश्मीर घाटी के अलग-अलग स्थानों पर बारिश की भविष्यवाणी की है, जिससे पारा नीचे आने की उम्मीद है।



### बारिश के लिए नंगे पैर दरगाह पहुंचे लोग

घाटी में इस महीने सूखे जैसी स्थिति देखी जा रही है और झेलम नदी का सूखा तल कई स्थानों पर देखा जा रहा है। मध्य कश्मीर के बडगाम में सैकड़ों पुरुष और महिलाएं बारिश के लिए प्रार्थना करने एक सूफी संत की दरगाह पहुंचे। वे लोग नंगे पैर दरगाह पहुंचे। ज्ञात रहे कि जून और जुलाई में जम्मू-कश्मीर में विशेष रूप से हिमालय घाटी में कम वर्षा दर्ज की गई है। अधिकांश जिलों में 60 से 70 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है।

### कश्मीर में सूखा... जम्मू में भारी बारिश

एक तरफ कश्मीर में गर्मी से हाहाकार मचा है। दूसरी ओर जम्मू में बारिश हो रही है। मुख्तार अहमद ने कहा, श्रीनगर में 1 जून से 24 जुलाई तक सामान्य 101 मिमी बारिश के मुकाबले सिर्फ 33 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इसी तरह, दक्षिण कश्मीर के शोपियां में सामान्य 107 मिमी बारिश के मुकाबले 20.8 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि अनंतनाग में 138.7 मिमी सामान्य बारिश के मुकाबले 55 मिमी बारिश हुई।

## कोचिंग सेंटर हादसा: दिल्ली में बड़े एक्शन की तैयारी

# मालिक और को-आर्डिनेटर अरेस्ट मजिस्ट्रेटी जांच के दिए आदेश

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर हादसे के बाद रविवार देर शाम मेयर शैली ओबेरॉय के आदेश पर गहन जांच शुरू हो गई। हादसे वाले इलाके के आसपास कुल 13 कोचिंग सेंटरों को निगम ने सील किया है। वहीं, दिल्ली की जलमंत्री आतिशी ने हादसे की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। छात्रों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, हादसे संबंधित कोचिंग सेंटर के मालिक अभिषेक गुप्ता और को-आर्डिनेटर देशपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें बाद में कोर्ट ने 14 दिन की हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने इन दोनों आरोपियों समेत बिल्डिंग मैनेजमेंट, ड्रेनेज सिस्टम की देखभाल करने वाले निगमकर्मियों व अन्य के खिलाफ गैर इरादतन हत्या से संबंधित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। इस हादसे में आईएएस की तैयारी कर रही दो छात्राओं समेत तीन विद्यार्थियों की मौत हो गई थी। राजेन्द्र नगर की जिस इमारत में छात्रों की मौत हुई, उसके तहखाने में व्यावसायिक गतिविधि करने की अनुमति नहीं थी। केवल कार लिफ्ट, पार्किंग और स्टोर बनाने की अनुमति थी।



### 11 घंटे तक चला बचाव अभियान

दूसरी ओर राजेंद्र नगर के राव आईएएस स्टडी सेंटर में शनिवार हुए हादसे के बाद करीब 11 घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन चला। सुबह छह बजे तक पंप से बेसमेंट में भरे पानी को निकाला गया। दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उनके लिए राजेंद्र नगर का हादसा काफी चुनौतियों से भरा था। सड़क और स्टडी सेंटर की पार्किंग में पानी एक लेवल में था। चूंकि बाहर सड़क का ड्रेनेज सिस्टम लगभग ठप था, ऐसे में सड़क के साथ-साथ स्टडी सेंटर की पार्किंग से भी पानी नहीं निकल पा रहा था।

### काला और गंदा पानी था

दूसरी ओर बेसमेंट में भरा पानी काला और गंदा था। ऐसे में एनडीआरएफ के डाइवर्स को गोता लगाने में खासी दिक्कत हो रही थी। अंदर अंधेरा था। इसके अलावा लाइब्रेरी में रखी किताबें और लकड़ी का फर्नीचर पानी में तैर रहा था। बचाव कार्य के दौरान किताबों को बाहर निकाला गया।

## सीईआरटी ने किया आगाह

# फिर निशाने पर क्राउडस्ट्राइक यूजर्स!

एजेंसी | नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट आउटेज (गड़बड़ी) का लाभ उठाकर क्राउडस्ट्राइक यूजर्स को 'फिशिंग' हमले के जरिए निशाना बनाया जा रहा है।

भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी ने कहा है कि हमलावर चकमा देने के लिए खुद को 'क्राउडस्ट्राइक सपोर्ट स्टाफ' बता रहे हैं।

भारतीय कंप्यूटर अपातकालीन प्रतिक्रिया टीम (सीईआरटी इन) द्वारा जारी किए गए परामर्श में कहा गया, ये हमले यूजर्स को कंप्यूटर में अज्ञात मैलवेयर इंस्टाल करने के लिए लुभा सकते हैं, जिससे संवेदनशील डाटा लीक होने, कंप्यूटर प्रणाली के ठप पड़ने और डेटा लीक होने जैसी घटनाएं हो सकती हैं।

सिस्टम क्रैश भी हो सकता है। परामर्श में कहा गया कि फोन काल के माध्यम से फिशिंग ईमेल भेजे जा रहे हैं।

सीईआरटी-इन ने आगाह किया है कि फिशिंग हमलावर 'रिकवरी टूल' बताकर 'ट्रोजन' मैलवेयर भी इंस्टाल करवा रहे हैं।

### ऐसे करते हैं फ्रॉड

टीम ने कहा कि ये हमले किसी यूजर्स को अज्ञात मैलवेयर इंस्टाल करने के लिए लुभा सकते हैं, जिससे संवेदनशील डाटा लीक हो सकता है। मैलवेयर, दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल किये जाने वाले सॉफ्टवेयर को कहा जाता है। साइबर अपराधी डाटा चोरी करने तथा कंप्यूटर नेटवर्क को नुकसान पहुंचाने या नष्ट करने के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं।

## जमानत के मामले में सीजेआई चंद्रचूड़ की जजों को नसीहत

# सेफ खेलना छोड़ें, कॉमन सेंस का इस्तेमाल करें

एजेंसी | बेंगलुरु



मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि जब अपराध के महत्वपूर्ण मुद्दों को संदेह की दृष्टि से देखा जाता है, तो ट्रायल जज जमानत न देकर सुरक्षित खेलना पसंद करते हैं।

उन्होंने प्रत्येक मामले की बारीकियों को देखने के लिए मजबूत सामान्य ज्ञान (कॉमेंस सेंस) की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, जिन लोगों को ट्रायल कोर्ट में जमानत मिलनी चाहिए और उन्हें वहां नहीं मिल रही है, जिसके कारण उन्हें हमेशा उच्च न्यायालयों का रुख करना पड़ता है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने आगे कहा कि जिन लोगों को उच्च न्यायालयों से जमानत मिलनी चाहिए, उन्हें जरूरी नहीं कि वह मिल जाए, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें सर्वोच्च न्यायालय जाना पड़ता है। यह देरी उन लोगों की समस्या को और बढ़ा देती है, जिन्हें मनमाने ढंग से गिरफ्तार किया जाता है।

वे बर्कले सेंटर के तुलनात्मक समानता और भेदभाव विरोधी 11वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान मुख्य भाषण के अंत में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। सवाल मनमाने ढंग से की जाने वाली गिरफ्तारियों पर था। उन्होंने कहा कि यह बात विशेष रूप से राजनीतिक रूप से प्रेरित तरीके से काम करने वाले पब्लिक अथॉरिटी के लिए सच हो गई है, जो कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, पत्रकारों और यहां तक कि विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों सहित राजनेताओं को हिरासत में ले रहे हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि दुर्भाग्य से, आज समस्या यह है कि हम ट्रायल कोर्ट के जजों द्वारा राहत दिए जाने को संदेह की दृष्टि से देखते हैं। इसका मतलब है कि ट्रायल जज गंभीर अपराधों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर जमानत नहीं देते हुए तेजी से सुरक्षित खेल रहे हैं।

## पीएम मोदी ने की मन की बात... बाघों के संरक्षण के प्रयासों को सराहा

# कुल्हाड़ी बंद पंचायत अभियान से पनपे जंगल और बाघ

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व बाघ दिवस की पूर्व संध्या पर कहा है कि भारत में बाघों के संरक्षण के लिए इस समय अभूतपूर्व प्रयास चल रहे हैं और देश में प्रति वर्ष इस वन्य प्राणी की संख्या बढ़ रही है। विश्व में 70 प्रतिशत बाघ भारत में पाए जाते हैं और और यह प्राणी भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है

मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो संबोधन- मन की बात में कहा कि देश में वनों के आस पास के गांवों में लोगों को पता रहता है कि बाघों के साथ तालमेल बिठा कर कैसे रहना है। उन्होंने इस संदर्भ में रणथम्भौर (राजस्थान), महाराष्ट्र का तादोबा-अंधेरीबाघ



अभयारण्य,आंध्र प्रदेश में नल्लामलाई की पहाड़ियों पर रहने वाली 'चेन्चू' जनजाति और पीलीभीत में चल रहे 'बाघ मित्र कार्यक्रम' का विशेष रूप से उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत में जहां भी बाघ और मानव में टकराव की स्थिति आती है, वहां बाघों के संरक्षण के लिए अभूतपूर्व प्रयास हो रहे हैं। इस काम में जन भागीदारी प्रोत्साहित की जाती है और राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में कुल्हाड़ी बंद पंचायत अभियान इसका एक नमूना है। उन्होंने कहा, यह अभियान बहुत दिलचस्प है। स्थानीय समुदायों ने स्वयं इस बात की शपथ ली है कि जंगल में कुल्हाड़ी के साथ नहीं जाएंगे और पेड़ नहीं काटेंगे। इस एक फैसले से यहां के जंगल, एक बार फिर से हरे-भरे हो रहे हैं, और बाघों के लिए बेहतर वातावरण तैयार हो रहा है। इसी तरह उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में चल रहा 'बाघ मित्र कार्यक्रम' भी बहुत चर्चा में है।

### 'मां के नाम एक पेड़' लगाने का आह्वान बना अभियान

पीएम मोदी ने कहा है कि 'मां के नाम एक पेड़' लगाने का उनका आह्वान एक अभियान बन गया है, जिसके तहत बड़ी संख्या में पेड़ लगाए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत रिकॉर्ड बनाए जा रहे हैं और इंदौर में एक दिन में दो लाख पौधे लगाने का असाधारण काम हुआ है। देश के अलग-अलग हिस्सों में बड़ी संख्या में लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले स्वच्छता के लिए प्रसिद्ध इंदौर में, एक शानदार कार्यक्रम हुआ। यहां 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के दौरान एक ही दिन में दो लाख से ज्यादा पौधे लगाए गए।

### खादी और हथकरघा उत्पादों को खरीदने की अपील

पीएम मोदी ने लोगों से खादी और हथकरघा उत्पादों को खरीदने की अपील करते हुए कहा है कि देशवासियों के सहयोग से खादी का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। मोदी ने हरियाणा के रोहतक जिले में उन्नति स्व सहायता समूह की जुड़ी महिलाओं के हथकरघा उत्पादों की विशेष रूप से सराहना करते हुए लोगों से इन्हें खरीदने तथा इनको बढ़ावा देने को कहा है। उन्होंने कहा कि खादी ग्रामोद्योग का कारोबार पहली बार डेढ़ लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। खादी की बिक्री 400 प्रतिशत बढ़ गई है। इससे देश में बड़ी संख्या में रोजगार के नए अवसर भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाहे ओडिशा की 'संबलपुरी साड़ी' हो, चाहे मध्य प्रदेश की 'माहेश्वरी साड़ी' हो, महाराष्ट्र की 'पैठणी' या विदर्भ के 'हैंड ब्लाक प्रिंट' हों, चाहे हिमाचल के 'भूट्टिको' के शॉल और ऊनी कपड़े हों, या फिर, जम्मू-कश्मीर के 'कनि' शॉल हों।

## देश से बाहर जाने के मामले में कहा...

# वित्तीय गड़बड़ी पर ही जरूरी है 'क्लीयरेंस सर्टिफिकेट'

**नई दिल्ली।** भारत में रहने वाले लोगों को देश छोड़ने से पहले सभी कर बकाया चुकाने होंगे और 'क्लीयरेंस सर्टिफिकेट' प्राप्त करना होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024 में इसकी घोषणा की है। हालांकि, सरकार ने रविवार को स्पष्ट किया कि प्रस्तावित संशोधन के तहत हर व्यक्ति को टैक्स क्लीयरेंस सर्टिफिकेट प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है।

सोशल मीडिया पर लोगों के बढ़ते गुस्से को देखते हुए सरकार ने रविवार को स्पष्ट किया कि प्रस्तावित संशोधन भारत के सभी निवासियों के लिए नहीं है। यह नियम वित्तीय अनियमितताओं के आरोपी या भारी कर बकाया वाले लोगों पर लागू होगा।

### क्या कहता है आयकर अधिनियम की धारा 230

आसान भाषा में समझें तो किसी भी व्यक्ति को क्लीयरेंस सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए भारत छोड़ने से पहले अपनी देनदारियों का भुगतान करना होगा। हालांकि, आयकर अधिनियम की धारा 230 के अनुसार, हर व्यक्ति को कर निकासी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होती है। केवल कुछ लोगों को ही प्रमाण पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता होगी।

## रवींद्र मंच पर हुआ सामाजिक नाटक 'लाड़ली' का सशक्त मंचन

# जो गांव में भी बेटी पैदा नहीं होने देता था, उसी की लाड़ली ने तोड़ी परंपरा

**बेधड़क.**जयपुर। रवींद्र मंच पर नाटक लाडली में कलाकारों ने कई मैसेज देते हुए कला की बानगी पेश की। लेखक-निर्देशक जयपुर के वरिष्ठ रंगकर्मी प्रेम सिंह कण्डेरा रहे। कलाकारों ने दर्शाया कि राजपुर नामक गांव में करण सिंह नाम का दबंग आदमी रहता है जो बेटियों से नफरत करता है। उसका मानना है जिस घर में बेटी होगी तो उसका सर झुक जाता है, क्योंकि बेटी को एक दिन घर से विदा करना पड़ता है। यह प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है। महिलाओं पर अत्याचार, बेटियों की हत्या होती आ रही है, इसलिए वो गांव की हर बेटी को मार देता है। नाटक में उसका एक डायलॉग वह सर कटा सकता है पर सर झुका नहीं सकता फेमस होता है।





### बेटी पैदा होते ही उठा लाते गुर्गे

उसने बेटी पैदा होने पर प्रतिबंध लगा रखा है। जिस घर में बेटी पैदा होती है तो उसके गुरगे उसे उठा लाते हैं और करण सिंह के हाथों में सौंप देते हैं। करण सिंह उसे मार देता है। एक दिन उसी की धर्मपत्नी के बेटी पैदा होती है। उसे इस बात का पता चलता है तो वो उस बेटी को मारने के लिए दाईसा से कहता है। दाईसा बहु से बेटी ले आती है और उसे जंगल में जाकर छुपा देती है और उसका नाम लाडली रखती है। दाईसा करण सिंह से आकर कहती है ठाकुर साहब बहु के कंकड़ पत्थर हुए हैं। दाईसा लाडली को पढ़ा लिखा कर शिक्षित कर उसे पुलिस इंस्पेक्टर बना देती है। जिस प्रकार कंस का अंत भगवान ने किया था उसी प्रकार लाडली ने करण सिंह की कुप्रथाओं का अंत कर देती है। वह डायलॉग बोलती है कि सरकार ने मुझे यह वर्दी देशवासियों की रक्षा के लिए दी है ना कि दबंगइयों की चमचागिरी करने के लिए। अब राजपुर में फिर से बेटियां जन्म लेने लगती हैं।

**नारी सशक्तीकरण का दिया संदेश**

नाटक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। कलाकार अनामिका सिंह कंडेरा ने लाडली का दमदार अभिनय कर पात्र को जीवंत किया और शालिनी सिंह कंडेरा, विनय बिंदल, नरेंद्र कुमार, अमर सिंह, अक्षय कुमार मीणा, संदीप कुमार गुप्ता, वैभव अग्रवाल, पूनम कटारिया, अग्रिमा अग्रवाल, दिक्षिता गोठवाल, साकेत गोठवाल ने साथ दिया।

## आंतरिक सुरक्षा में AI की भूमिका पर विचार-विमर्श



**बेधड़क. जयपुर।** बोर्डरमेन संस्था तथा इंस्पिरा रिसर्च एसोसिएशन के तत्वावधान में आंतरिक सुरक्षा पर दो दिवसीय संगोष्ठी रविवार को सम्पन्न हुई। पुलिस अकादमी में बोर्डर मैन संस्था तथा इंस्पिरा रिसर्च एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में इसका आयोजन हुआ। तकनीकी सत्रों में शिक्षाविदों व शोधार्थियों ने अपने विचार रखे। इंस्पिरा के अध्यक्ष प्रो एस एस मोदी ने कहा कि ऐसी संगोष्ठियों से शोधार्थियों को अपनी शोध साझा करने का मंच मिलता है। तत्पश्चात तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के डॉ मांगू राम ने वित्त व अर्थव्यवस्था में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की भूमिका की चर्चा की। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट पटना के प्रो. राणा सिंह ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। वक्ता डॉ. मनीषा कौशिक ने पर्यावरण व शिक्षा में तकनीक की बात की। स्प्लिट से प्रो. नाडा तथा डॉ. अशोक कुमार ने विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। संगोष्ठी के सचिव प्रो. रवि कांत मोदी ने बताया कि सत्र में 80 शोधपत्र पढ़े गए। सत्र की उपाध्यक्ष डॉ. आरती चोपड़ा ने प्रतिभागियों को बढ़ावा देते हुए आगे भी भाग लेते रहने की सलाह दी। सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र का पुरस्कार दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. रजनीश क्लेर तथा अलवर महाविद्यालय के डॉ. उबैद फारूखी को दिया गया।

## राम सिंह बने मंडल अध्यक्ष



**बेधड़क. जयपुर।** ऑल इंडिया एससी-एसटी रेलवे एम्प्लाइज एसोसिएशन जयपुर मंडल (उत्तर पश्चिम रेलवे) की मंडल कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न हुए। रामसिंह मुख्य कार्यालय अधीक्षक जयपुर को मंडल अध्यक्ष, हजारी लाल मीना मुख्य कार्यालय अधीक्षक जयपुर को मंडल कार्यकारी अध्यक्ष, चरणदास मीना सीसीसीआर को मंडल सचिव, प्रेमचंद वर्मा सीसीसीआर फुलेरा को मंडल अतिरिक्त सचिव व रामबाबू लाल डीसीएमआई जयपुर को मंडल कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इस अवसर पर एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष व जोनल सचिव बीएल बैरवा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि हाल ही में महाप्रबंधक व प्रमुख मुख्य कार्मिक के साथ जोनल स्तर पर संपन्न हुई बैठक में लगभग 70 प्रतिशत मामलों का निपटारा हो गया है।

## City इवेंट्स

### रफी की याद में सजाई गीत माला



**बेधड़क. जयपुर।** एक से बढ़कर एक दिलकश गीतों को जब शहर के सुपर सिंगर मोहन कुमार बालोदिया ने दिलकश आवाज में गाया तो मंच पर रफी की याद एक बार फिर से ताजा हो गई। मौका था मोहम्मद रफी की पुण्य तिथि पर बालोदिया इवेन्ट्स और बालोदिया डायमंड ऑर्केस्ट्रा की ओर से बिड़ला ऑडिटोरियम में कार्यक्रम 'आज पुरानी राहों से' के आयोजन का। इस मौके पर मोहन कुमार बालोदिया, सिंगर रश्मि बालोदिया और उनके साथियों ने मोहम्मद रफी के एकल और युगल गीत प्रस्तुत किए। इस मौके पर मोहन कुमार बालोदिया ने रश्मि बालोदिया, विधि आचार्य, निकिता कोका लालवानी, कृतिका बालोदिया सहित कई फीमेल सिंगर के साथ मोहम्मद रफी के गाए सुपरहिट गीत प्रस्तुत किए तो लोगों ने तालियों से उसकी नृत्य प्रतिभा और बालोदिया की गायन प्रतिभा की सराहना की। नागेश भटनागर, विशाल शर्मा, देवेन सिन्हा, सुधीर शर्मा, संजय भटनागर, राजीव माथुर, कृष्ण कन्हैया मीना, राजीव सक्सेना, बेला माथुर, नीना सक्सेना, मनीषा जैन ने भी विभिन्न एकल और युगल गीतों की प्रस्तुति दी।

### जेकेके में 'खांचे' का मंचन कल



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र की पाक्षिक नाट्य योजना में 30 जुलाई को शाम 7 बजे से नाटक 'खांचे' का मंचन किया जाएगा। रघुनन्दन त्रिवेदी की कहानी का नाट्य रुपांतरण अरु व्यास ने किया है। अरु स्वाति व्यास के निर्देशन में अभिनय गुरुकुल सांस्कृतिक शैक्षणिक सोसायटी जोधपुर के कलाकार अभिनय कौशल दिखाएंगे। नाटक ऐसे इंसान की कहानी को मंच पर साकार करता है जो अति सिद्धांतवाद और गंभीरता के साथ अपनी सभी इच्छाओं का दमन करते हुए जीवन जीता है। अंतत: उसके जीवन में रह जाता है अधूरी इच्छाओं का खांचा।

### रफी की याद में सजाई गीत माला

**बेधड़क. जयपुर।** कोडिंग मैराथन में दिए इनोवेशन आइडिए बेधड़क, जयपुर। एलियांस हैकाथॉन-24 का आयोजन जयपुर में किया गया। 24 घंटे के इस कोडिंग मैराथन में में दुनिया भर के टेक इनोवेटर्स ने भाग लिया और समापन चार फाइनलिस्ट टीमों द्वारा प्रेसेंटेशन्स की श्रृंखला के साथ हुआ। कार्यक्रम ने वास्तविक दुनिया के चैलेंजिस का समाधान करने में कोलैबोरेशन, लर्निंग और टेक्नोलॉजी इन्नोवेशंस की शक्ति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं उसके प्रतिभागी-विभिन्न देशों के 50 से अधिक मेंटर्स, फोकस एआई आधारित सॉल्यूशंस आदि रही। टॉप परफार्मिंग टीम को रेकग्निशन तथा गोवा और पुष्कर का हॉलिडे पैकेज के पुरस्कार दिए गए।

## डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियम लीग सीजन 3

# सुरों की जंग के फाइनल में भिड़ेंगी डॉक्टर्स की 4 टीमें



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में डॉक्टर्स की गायन प्रतियोगिता एसबीआई डीएमपीएल सीजन 3 में डॉक्टर्स अपनी गायन प्रतिभा का जमकर प्रदर्शन कर रहे हैं। फाइनल में अब चार टीमें रह गई हैं। लीग चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता और आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि फाइनल मुकाबले में आंगन मेडिनोवा, निविक, एएलसीएस रोहिन रोकर्स व टीम सीतादेवी ने क्वालीफाई किया है। लीग संयोजक डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के एकल मुकाबलों में डॉ. अतुल पुरोहित प्रथम, डॉ महेश कड़ेल द्वितीय व डॉ. मनीष गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। लीग चीफ कोर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के युगल मुकाबलों में डॉ. महेश कडेल-डॉ. माया बागड़ी की जोड़ी ने प्रथम, डॉ. मनीष शर्मा-डॉ. ज्योत्सना भार्गव की जोड़ी ने द्वितीय व डॉ. रोहिन भाटिया-डॉ. मोनिका भाटिया की जोड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

चीफ कोर्डिनेटर डॉ. रवींद्र सिसोदिया ने बताया कि 45 वर्ष से कम के युगल मुकाबलों में डॉ. क्षितिज-डॉ. अंजलि की जोड़ी ने प्रथम स्थान पाया, वहीं द्वितीय स्थान के लिए डॉ. भरत कडेल-डॉ. शिवि व डॉ.तन्मय-डॉ. सिमी की जोड़ी का मैच टाई रहा। कॉर्डिनेटर डॉ. हर्षुल टाक ने बताया कि डॉ. संकल्प, डॉ. आशीष, डॉ. मनीष, डॉ. विदिशा, डॉ. सौम्या, डॉ. भाग्यश्री, डॉ. प्रियंका, डॉ. गौरव, डॉ. महेंद्र, डॉ. पार्थ, डॉ. सिमी, डॉ. भूपेंद्र, डॉ. रविराज, डॉ. संदीप, डॉ. अरुण आदि गायकों ने भी गीतों की उल्लेखनीय प्रस्तुतियां दी। प्रतियोगिता में लाइव बैंड का कार्य श्री गुलाम द्वारा किया जा रहा है।

## प्री-फिटनेस कैंप में जुटे जयपुर के रनर्स

# स्वस्थ जीवनशैली के लिए फिटनेस को प्रोत्साहन जरूरी



**बेधड़क** | जयपुर

मानसून के दौरान जयपुर में 4 अगस्त को फिटनेस और हरियाली के उद्देश्य से 'त्रिमूर्ति मानसून रन' का 8वां संस्करण होगा। इवेंट का लक्ष्य मानसून के मौसम के दौरान फिटनेस को प्रोत्साहित करना और जीवनशैली को स्वस्थ बनाना है। इसी क्रम में जयपुर रनर्स क्लब ने श्याम नगर जोन में प्री-मानसून रन फिटनेस कैंप का आयोजन किया।

जयपुर रनर्स की जॉइंट सेक्रेटरी भावना, श्याम नगर जोन डायरेक्टर नरेंद्र कुशवाह और सुधा खंडेलवाल के नेतृत्व में और फिटनेस कोच अरविंद सिंह तथा तन्वी माथुर के सहयोग से कैंप का आयोजन किया गया।

तन्वी ने जूम्बा का प्रशिक्षण कराया तो अरविंद ने ताड़ासन, त्रिकोणासन और वीरभद्रासन जैसे योग आसनों का अभ्यास कराया। साथ ही लचीलापन, स्थिरता और बॉडी स्ट्रेचिंग के लिए विभिन्न बॉडी पोस्चर का अभ्यास कराया गया।

गौरतलब है इससे पहले फिटनेस प्री-इवेंट कैंप महेश नगर और जवाहर सर्कल जोन में आयोजित किए गए थे। जहां पर भी योग आसनों का अभ्यास कराया गया था। साथ ही रनर्स को फिटनेस के प्रति अवेयर रहते हुए विभिन्न आसनों का अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। इस दौरान स्थानीय पार्षद राजेंद्र अग्रवाल, डॉ. सुनील ढंड, डॉ. मुकेश गुप्ता, जयपुर रनर्स क्लब के प्रेसिडेंट प्रवीण तिजारिया, फाउंडर्स मुकेश मिश्रा और रवि गोयंका सहित एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट दीपक शर्मा उपस्थित रहे। प्रवीण तिजारिया और दीपक शर्मा ने बताया कि इवेंट में 21, 10 और 5 किलोमीटर की दौड़ शामिल है। रनर्स दौड़ के दौरान रास्ते में पौधों के बीज गिराते हुए आगे बढ़ेंगे, ताकि त्रिमूर्ति मानसून रन का लक्ष्य 'फ्रेंडशिप विद द नेचर' को पूरा किया जा सके।

**राष्ट्रीय सम्मेलन** पारंपरिक तकनीकों पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

# प्राइमरी एजुकेशन में जल संरक्षण के चैप्टर पढ़ाए जाएं

**बेधड़क** | जयपुर

विशेषज्ञ और शोधकर्ताओं के साथ सामुदायिक कार्यकर्ता और पर्यावरण प्रेमियों ने जयपुर में भागीदारी निभाई। मौका रहा पारंपरिक जल संरक्षण तकनीकों पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का, जो भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से दर्शक कॉलेज ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट्स के ऑडिटोरियम में हुआ। राजीव भट्ट और लोकेश अग्रवाल के निरीक्षण में सम्मेलन में विशेषज्ञों ने सुझाव रखें। जल संरक्षण अनुसंधान पर विचार व्यक्त करते हुए विशेषज्ञ सुरेंद्र बिजावत ने कहा कि जल संरक्षण के पारंपरिक तरीकों को फिर से नए रूप में लाने के लिए सरकार और प्रशासन के साथ जन सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने जैसलमेर की जितनी नाड़ी और जोधपुर की सोमेरी नाड़ी का उदाहरण देते हुए बताया कि जन सहयोग के बिना यह कभी संभव नहीं हो सकता था। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि प्राइमरी एजुकेशन में जल संरक्षण के चैप्टर पढ़ाए जाने चाहिए।



### समय रहते नहीं करते हैं समस्या का समाधान

आईआईटी दिल्ली के अभिषेक गुप्ता ने बताया कि यह एक मानवीय आदत है कि जब तक समस्या बड़ा रूप ना ले ले हम उसके समाधान की तरफ कोई काम नहीं करते। उन्होंने अपना एक अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक बार बैंगलुरु में पानी की किल्लत से पूरा ऑफिस छुट्टी पर रहा। न पीने के लिए पानी और नहाने के लिए पानी था। तभी से मन में विचार आया कि जल का संरक्षण कितना जरूरी है। शोधकर्ता यश अग्रवाल ने कहा कि हां भूजल स्तर में सुधार लाने के लिए जल संरक्षण के पारंपरिक तरीकों जैसे बावड़ी, कुआं, जोहड़ और नाड़ी को फिर से क्रियान्वित किया जाना चाहिए। देश के अधिकांश जिलों में सिर्फ तीन से चार महीने ही बारिश होती है। इसलिए हमें घरों में जल संरक्षण के लिए व्यवस्था करनी चाहिए। सम्मेलन में शामिल एम एल रावत, नरेंद्र सिंह गर्ग और राजू सजनानी ने कहा कि सिर्फ सेमिनार और कार्यक्रम की रूप रेखा बनाने से ही नहीं बल्कि जन-जन को आगे आकर इस दिशा में काम करना होगा। सम्मेलन में जल शक्ति मंत्रालय के उप-निदेशक करमवीर यादव ने मंत्रालय का प्रतिनिधित्व किया। संचालन प्रियंका अग्रवाल ने किया। संस्था अध्यक्ष राजीव भट्ट ने स्वागत किया और समापन टिप्पणी संस्था सचिव लोकेश अग्रवाल ने दी।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 29 जुलाई, 2024



कर्म करने में मनमानी चल सकती है, फल भोगने में नहीं।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### हिजबुल्लाह ने फुटबॉल मैदान में दागी मिसाइलें...

# इजराइल का आयरन डोम फेल! बच्चों समेत 12 की मौत



**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल पर भड़का आतंकी संगठन हिजबुल्लाह लगातार यहूदियों को निशाना बनाने की कोशिश कर रहा है। इसी बीच शनिवार को इजराइल के नियंत्रण वाले गोलान हाइट्स के मजदल शम्स शहर में एक फुटबॉल ग्राउंड में हिजबुल्लाह ने रॉकेट अटैक कर दिया। इसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि हिजबुल्लाह ने इस हमले की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया।

इजराइली मीडिया ने रविवार को इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगरी के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को इजराइल एम्बुलेंस सेवा (एमडीए) ने बताया कि गोलान हाइट्स में हमले में 10 लोग मारे गए हैं। बाद में टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार ने इजराइली सेना के मुख्य प्रवक्ता हगारी का हवाला देते हुए बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। इधर, इस हमले से तिलमिलाए इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा है कि हिजबुल्ला को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### इजराइल कर सकता है बड़ा जवाबी हमला

उधर, लेबनानी आंदोलन हिजबुल्लाह ने मजदल शम्स शहर पर गोलाबारी में शामिल होने से इनकार किया। इसके बावजूद, इजराइली अधिकारियों ने हिजबुल्लाह और लेबनान के खिलाफ युद्ध की घोषणा करना शुरू कर दिया। जानकारों का कहना है कि इजराइल जल्द ही लेबनान में बड़ा हमला कर सकता है। आम तौर पर देखा गया है कि इजराइल पर स्ट्राइक के बाद यहूदी देश जवाब देने में ज्यादा देर नहीं करता है।

### हिजबुल्ला ने हमले के आरोप को नकारा

हिजबुल्ला के मुख्य प्रवक्ता मोहम्मद अफीफ ने मीडिया से कहा कि समूह 'इस बात से साफ इनकार करता है कि मजदल शम्स पर उसने हमला किया।' हिजबुल्ला का हमले से इनकार करना असामान्य बात है। इस हमले से पहले शनिवार को सीमा पार हिंसा हुई थी, जिसमें हिजबुल्ला ने उसके तीन लड़ाकों के मारे जाने की बात कही थी। हालांकि, उसने यह नहीं बताया कि यह हिंसा कहां हुई। इजराइल की सेना ने कहा कि उसकी वायुसेना ने सीमावर्ती गांव कफर किला में हिजबुल्ला के हथियार डिपो को निशाना बनाया। उसने कहा कि हमले के समय वहां आतंकवादी मौजूद थे।

### जल्द से जल्द लौट रहे हैं नेतन्याहू

इजराइल पर हुए घातक हमले के बाद नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री जल्द से जल्द अमेरिका से स्वदेश लौट रहे हैं, लेकिन उसने इसका समय नहीं बताया। नेतन्याहू अमेरिका की यात्रा पर गए हैं। उनके कार्यालय ने कहा कि वह इजराइल पहुंचने के बाद सुरक्षा कैबिनेट की बैठक करेंगे। एक प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक जिहान सफादी ने एक चैनल को बताया कि मृतकों में पांच छात्र शामिल हैं। इजराइली सेना ने कहा कि उसके विश्लेषण के अनुसार, रॉकेट दक्षिणी लेबनान के चेबा गांव के उत्तर में स्थित क्षेत्र से दागा गया था।



### भारी कीमत चुकानी होगी: नेतन्याहू

यह हमला इजराइल और लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के बीच लड़ाई शुरू होने के बाद से इजराइल की उत्तरी सीमा पर किया गया सबसे घातक हमला है, जिससे क्षेत्र में व्यापक संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी है कि हिजबुल्ला को 'इस हमले की ऐसी भारी कीमत चुकानी होगी, जो उसने पहले कभी नहीं चुकाई है।' इजराइली सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने इसे सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद इजराइल के नागरिकों पर हुआ सबसे घातक हमला बताया। हमाम के हमले के बाद गाजा में युद्ध छिड़ गया। इजराइल के विदेश मंत्री काट्ज ने एक चैनल से बातचीत में कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि हिजबुल्ला ने इस हमले से सभी हदें पार दी हैं और हमारी प्रतिक्रिया से यह बात समझ आएगी। हम उस पल के करीब पहुंच रहे हैं, जब हमें एक पूर्ण युद्ध का सामना करना पड़ेगा।'

### चीन के फ्री ट्रेड के जाल में फंसने जा रहा मालदीव

# मुइज्जू की भारत से गुहार

**एजेंसी** | माले

मालदीव और चीन के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को इसी साल सितंबर से लागू किया जाएगा। मालदीव के चीनपरस्त राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इसे बारे में जानकारी दी है। मुइज्जू ने भारत के साथ ही इसी तरह के समझौते पर हस्ताक्षर की उम्मीद जताई है। मालदीव की आजादी की 59वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में मुइज्जू ने बताया कि तुर्की और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार समझौते के प्रयास चल रहे हैं। इसी साल मई में आर्थिक मंत्री मोहम्मद सईद ने कहा था कि भारत ने एफटीए का प्रस्ताव रखा है, लेकिन नई दिल्ली ने ऐसी किसी भी पहल से इनकार कर दिया था। मालदीव के मीडिया आउटलेट अधाधू की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के साथ एफटीए के प्रयास पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन की सरकार के दौरान शुरू हुए थे। राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि एफटीए लागू होने से 9 क्षेत्रों में कुल 7897 वस्तुओं पर टैरिफ खत्म हो जाएगा, जिसमें 298 मत्स्य उत्पाद शामिल हैं। एफटीए लागू होने पर इन मालदीव से चीन निर्यात करने पर इन उत्पादों पर आयात शुल्क नहीं लगेगा।



### भारत को दिया धन्यवाद

मुइज्जू ने कहा, 'मैं मालदीव के लोगों की ओर से अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, हमारी आर्थिक संप्रभुता को आश्वस्त करने और मालदीव के लोगों की खातिर इस प्रयास में उनके सहयोग के लिए चीनी सरकार और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं।' मुइज्जू सरकार ने भारत के 20 करोड़ डॉलर के कर्ज में से 5 करोड़ डॉलर का भुगतान किया था, लेकिन आर्थिक संकट बढ़ने पर भारत से राहत की मांग की, जिसे भारत ने मंजूर कर लिया है। राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि भारत ने दो साल के लिए खाद्य आयात कोटा और शेष कर्ज तक पहुंच की सुविधा प्रदान की है।

### चीन ने दिया कर्ज में राहत का लालच

मुइज्जू ने यह भी बताया कि एफटीए लागू होने के कारण चीन ने पांच साल के लिए कर्ज चुकाने को स्थगित करने पर हरी झंडी दे दी है। पूर्व राष्ट्रपति यामीन की सरकार के दौरान मालदीव ने चीन के एक्जिम बैंक से बड़ी मात्रा में कर्ज लिया था, जिसका बड़ा हिस्सा 2026 में चुकाया जाना है। अगर इन कर्जों का पुनर्गठन नहीं किया जाता है तो मालदीव को गंभीर वित्तीय संकट का सामना करना पड़ेगा। मालदीव ने चीन के साथ भारत को भी कर्ज चुकाने में सहायता देने के लिए धन्यवाद दिया।


### पाकिस्तानी एयर होस्टेस की करतूत

# मोजे में मिले 40 लाख... कई गड्डियां

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की एयरहोस्टेस अपने कारनामों के कारण चर्चा में रहती हैं। अब इसकी एक एयर होस्टेस शनिवार को अल्लामा इकबाल एयरपोर्ट पर विदेशी मुद्रा की तस्करी करते हुए रंगे हाथ पकड़ी गई।

सीमा शुल्क अधिकारियों ने संघीय जांच एजेंसी, इमीग्रेशन के सहयोग से उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के बाद अधिकारियों को एयर होस्टेस के मोजे में छिपे अमेरिकी डॉलर और सऊदी रियाल मिले हैं। पाकिस्तानी मुद्रा में इनकी कीमत लाखों में है।



### कनाडा में पकड़ी गई थी एक एयरहोस्टेस

इस साल की शुरुआत में मार्च में एक पीएआईए एयर होस्टेस को कनाडा के टोरंटो हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था, क्योंकि उसके पास कई पासपोर्ट मिले थे। हिना सानी नाम की एयर होस्टेस पीआईए की उड़ान पीके-789 से टोरंटों में उतरी। कई लोगों के पासपोर्ट होने के कारण उन्हें हिरासत में ले लिया गया था। अपने पासपोर्ट के अलावा किसी अन्य पासपोर्ट के साथ यात्रा करना एक अंतरराष्ट्रीय अपराध है।

### संदेह पर प्लेन से उतार, ली तलाशी

रिपोर्ट के मुताबिक डिप्टी कलेक्टर सीमा शुल्क राजा बिलाल ने कहा कि एयर होस्टेस से 37318 डॉलर (3124356 भारतीय रुपए) और 40000 सऊदी रियाल (892653 भारतीय रुपए) बरामद किया गया, जो लाहौर से जेद्दा तक पीआईए की उड़ान भरने वाली थी। संदेह होने पर उसे उतार दिया गया और तलाशी ली गई, जिससे छिपी हुई मुद्रा का पता चला।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl